• जयपुर, रविवार 7 जून 26 • वर्ष 15 • अंक 219 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार के आगमन से पार्टी को मिलेगी नई ...

पेज @4 पंचायत समिति श्रीनगर के ग्राम पंचायत श्रीनगर में कृषि विभाग, की ओर....

पेज @8 अवैध लकड़ी से भरी 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, 20 क्विंटल स्टॉक सीज...

**न्यूज़ अपडेट**

## सख्त फैसला : कर्नाटक में कर्मचारियों को सुबह 10 बजे तक ऑफिस पहुंचना अनिवार्य

**बेंगलुरु/एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने राज्य के सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की समय की पाबंदी सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब सभी कर्मचारियों को सुबह 10 बजे तक अपने कार्यालय पहुंचना और 'कर्तव्य' मोबाइल ऐप के माध्यम से हाजिरी दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। इस नए नियम का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। चीफ सेक्रेटरी डॉ. शालिनी रजनीश की ओर से जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि यह निर्देश मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार द्वारा 4 जून को हुई उच्चस्तरीय बैठक में दिए गए सख्त निर्देशों के आधार पर जारी किया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री ने सरकारी कार्यालयों में अनियमितता और देर से आने की समस्या पर गहरी चिंता जताई थी। आदेश के अनुसार, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी से लेकर जिला स्तर के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को रोजाना 'कर्तव्य' ऐप पर चेक-इन और चेक-आउट दर्ज करना होगा। ऐप के जरिए रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। ई-गवर्नेंस विभाग ने एक उन्नत एआई-आधारित सिस्टम विकसित किया है, जो स्वतः उन कर्मचारियों की जिले-वार और कार्यालय-वार रिपोर्ट तैयार करेगा जिन्होंने सुबह 10 बजे तक हाजिरी नहीं लगाई। यह रिपोर्ट संबंधित विभाग के प्रमुखों को ऑटोमैटिक रूप से भेज दी जाएगी।

## लालू और राबड़ी की सुरक्षा में कटौती पर भडकीं बेटी रोहिणी आचार्य, बिहार सरकार को चेतावनी

**पटना/एजेंसी।** पिता लालू प्रसाद यादव और मां राबड़ी देवी की सुरक्षा हटाए जाने पर बेटी रोहिणी आचार्य भड×क गई हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कवर में कटौती के बाद दिखावे की सुरक्षा रखने का कोई औचित्य ही नहीं है। इसके साथ ही, सरकार को चेतावनी देते हुए रोहिणी आचार्य ने कहा कि अगर परिवार के किसी सदस्य को नुकसान पहुंचा तो इसके अंजाम का अंदाजा सरकार को नहीं है।
रोहिणी आचार्य ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, सात खून के आरोपी रहे मुख्यमंत्री की सरकार की ओर से लालू और राबड़ी देवी की सुरक्षा में कटौती का फैसला परिवार को नुकसान व शारीरिक क्षति पहुंचाने की नीयत से ही लिया गया है। उन्होंने आगे कहा, सुरक्षा कवर में कटौती के बाद दिखावे की सुरक्षा रखने का कोई औचित्य ही नहीं है, इसके मद्देनजर ही राबड़ी देवी ने अपने आधिकारिक आवास से सुरक्षाकर्मियों को वापस किए जाने का निर्णय लिया है।
रोहिणी आचार्य ने पोस्ट में लिखा, सम्राट सरकार को ये जान लेना चाहिए कि बिहार की करोड़ों जनता ही लालू-राबड़ी देवी और उनके परिवार का सुरक्षा कवच है।

**चार धाम यात्रा में बना नया रिकॉर्ड**

# महज 55 दिनों में दर्शन करने पहुंचे 31 लाख से ज्यादा श्रद्धालु

**देहरादून/एजेंसी।**

चारधाम यात्रा के तहत गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के प्रति श्रद्धालुओं का उत्साह लगातार बना हुआ है। यात्रा के शुरुआती 47 दिनों में ही दोनों धामों में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 10 लाख के पार पहुंच गई है। पिछले वर्ष की तुलना में यात्रियों की संख्या में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।
बीते 19 अप्रैल से शुरू हुई यात्रा के तहत 6 जून तक गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में कुल 31,15,852 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वर्ष 2025 की समान अवधि में यह संख्या 9,44,804 थी। इस तरह इस वर्ष अब तक 71,048 अधिक श्रद्धालु धामों तक पहुंचे हैं। आंकड़ों के अनुसार यमुनोत्री धाम में 4,98,367 और गंगोत्री धाम में 5,17,485 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। यात्रा मार्गों पर लगातार श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है और दोनों धामों में दर्शन का क्रम सुचारु रूप से चल रहा है। यात्रा अवधि में अब तक कुल 99,165 वाहनों का आवागमन दर्ज किया गया है, जिनमें 74,365 छोटे और 24,800 बड़े वाहन शामिल हैं। बढ़ती संख्या के बीच प्रशासन और पुलिस व्यवस्थाओं को लगातार सुदृढ़ बनाए हुए हैं।
एसपी कमलेश उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री के सुरक्षित यात्रा, सुगम दर्शन एवं सतत संवाद के संकल्प के अनुरूप उत्तरकाशी पुलिस यात्रा को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने में जुटी हुई है। यात्रा मार्गों से लेकर धामों तक सुरक्षा, यातायात और आपदा प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।



### अमित शाह ने दी पायलट प्रोजेक्ट की जानकारी

# अब 'स्मार्ट बॉर्डर' रोकेंगे अवैध घुसपैठ

## बोले- किसी भी हाल में जनसांख्यिकीय परिवर्तन नहीं होने देंगे

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बॉर्डर पर घुसपैठ को रोकने को लेकर एक बड़ी योजना के बारे में जानकारी साझा की है। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी, स्थानीय प्रशासनिक संसाधनों और सुरक्षा बलों को एकीकृत करने वाली एक 'स्मार्ट बॉर्डर' पायलट प्रोजेक्ट को जल्द ही देश की सीमाओं पर सात से आठ स्थानों पर एक साथ शुरू किया जाएगा, जो भारत की सीमाओं के माध्यम से जनसांख्यिकीय परिवर्तन को रोकने के लिए केंद्र के हर संभव प्रयास करने के इरादे का संकेत है। शाह ने लंकामुरा सीमा चौकी पर बीएसएफ जवानों से कहा, त्रिपुरा हो, बंगाल हो या बिहार, हम सीमा पार घुसपैठ के जरिए जनसांख्यिकीय परिवर्तन नहीं होने देंगे। यह हमारा दृढ़ विश्वास और संकल्प है, उन्होंने कहा कि बाड़बंदी के पूरक के रूप में स्मार्ट सीमाओं का विचार भारत की सीमाओं को अभेद्य बनाने की चतुर्भुज सुरक्षा रणनीति का हिस्सा है। श्यह अवधारणा योजना के अंतिम चरण में है। शुरुआती चुनौतियों का समाधान किया जाएगा, जिसके बाद इस पहल को पूरे सीमा नेटवर्क में लागू किया जाएगा।
उत्तर, दक्षिण और पश्चिम से बांग्लादेश से घिरे त्रिपुरा में, शाह ने कहा कि सरकार ने लगभग 650 किलोमीटर की बाड़ में से 119 किलोमीटर की बाड़ को बदलने की परियोजना को मंजूरी दे दी है, जो 15 साल से अधिक पुरानी है।
उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और पाकिस्तान की सीमाओं पर आंतरिक सुरक्षा के लिए देश कई खतरों का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि कहीं मादक पदार्थों की तस्करी हो रही है; कहीं मानव तस्करी हो रही है तो कहीं ड्रोन से नकली मुद्रा गिराई जा रही है।





## तेज रफ्तार डंपर ने कार को कुचला, एक ही गांव के पांच युवकों की मौत




**मोरबी/हलवद/एजेंसी।**

गुजरात के मोरबी-हलवद हाईवे पर चरड़वा गांव के बाहरी इलाके में शुक्रवार रात एक भीषण सड़क हादसे में रणछोड़गढ़ गांव के पांच युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार कार एक फैक्ट्री से निकल रहे डंपर से टकरा गई, जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार, रणछोड×गढ़ निवासी दिलीप दहैया का 24 वर्षीय पुत्र परेश दहैया मानसर गांव के पास बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने के उद्देश्य से गांव के कुछ युवक कार में लेकर रवाना हुए थे।
रात करीब 9:30 बजे चरड़वा गांव के पास एक पेट्रोल पंप के सामने फैक्ट्री से निकल रहे डंपर ने अचानक मोड़ लिया। अस्पताल पहुंचने की जल्दबाजी में कार चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार सीधे डंपर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार डंपर के नीचे घुस गई और उसमें सवार लोग बुरी तरह फंस गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन की सहायता से कार को काटकर घायलों और मृतकों को बाहर निकाला। दुर्घटना में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।
मृतकों की पहचान 45 वर्षीय सुरेश सिहोरा, 28 वर्षीय वीरम दहैया, 24 वर्षीय परेश दहैया, प्रेमजी दहैया और भरत दहैया के रूप में हुई है। वहीं प्रकाश दहैया और दिलीप दहैया गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों का मोरबी और राजकोट के अस्पतालों में उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही हलवद तालुका पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## आंधी-तूफान के साथ 10 से ज्यादा राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट,

### राजस्थान में चलेंगी 70 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के कई हिस्सों में आगे बढ़ रहा है। इसकी वजह से कई राज्यों में बारिश का दौर देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कई क्षेत्रों में आंधी-तूफान, भारी बारिश, बिजली गिरने और तेज हवाओं के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, 6-11 जून के दौरान केरल, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में व्यापक बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी तेज बारिश हो सकती है। इस दौरान 40-50 किमी की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ जगहों पर 60 किमी/घंटा तक हवा की स्पीड हो सकती है। तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, रायलसीमा, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में भी बारिश के आसार हैं।



6 जून को जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुज×फ्×फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कहीं-कहीं आंधी-तूफान, बिजली कड×कने और तेज़ हवाएं चलने की संभावना है। आज पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी राजस्थान में आंधी-तूफान आने की संभावना है। कुछ जगहों पर 70 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। 6 से 11 जून के दौरान छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और पश्चिमी मध्य प्रदेश में बारिश होने की संभावना है।
दिल्ली में आज आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। दोपहर से शाम के बीच हल्की बारिश के साथ आंधी-तूफान/बिजली कड़कने और 40-50 किमी/घंटा की तेज़ हवाएं चलने की संभावना है। दिल्ली में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 35डिग्री से 37डिग्रीऔर 24डिग्री से 26डिग्री के बीच रहने की संभावना है

## देश में लॉन्च हुआ फ्लेक्स फ्यूल, पेट्रोल के मुकाबले 20 रुपये प्रति लीटर सस्ता

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

यूएस-ईरान युद्ध की वजह से कच्चे तेल की कीमतों में उथल-पुथल खत्म होने का तो नाम ही नहीं ले रहा है. इसी बीच सरकार ने आधिकारिक तौर पर ई 85 फ्यूल को लॉन्च कर दिया है. केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को दिल्ली में ई 85 फ्यूल लॉन्च करने के साथ ही देश का पहले ई 85 फ्यूल स्टेशन का भी उद्घाटन किया है. केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार मौजूदा ई 20 ईंधन की



तुलना में पूरे 20 रुपये प्रति लीटर सस्ता मिलेगा. बढ़ते पेट्रोल के दामों के बीच आम जनता के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है.
दिल्ली में देश के पहले ई 85 एथेनॉल-ब्लेंडेड ईंधन स्टेशन की शुरुआत हो चुकी है. दिल्ली के पूसा रोड पर ई85 फ्यूल डिस्पेंसर लगाया गया है.
केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अभी तक ब्लेंडेड फ्यूल के जरिए देश करीब 1.85 लाख करोड़ की बचत कर चुका है. ई 85 ईंधन की शुरुआत से देश को कई फायदे होंगे. सबसे पहले यह ईंधन जहरीले उत्सर्जन को कम करेगा. जिसके वजह से शहरों की हवा एकदम साफ रहेगी. विदेशी कच्चे तेल के इंपोर्ट पर भारत की निर्भरता काफी हद तक नियंत्रण में रहेगी.

## हिमाचल में भूकंप के तीन झटके, कई मकान क्षतिग्रस्त, पालमपुर में अस्पताल की छत गिरी

**शिमला/एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में भूकंप के कारण रातभर लोग दहशत में रहे हैं। रात 10.04 बजे हुआ 5 की तीव्रता के भूकंप के बाद दो बार फिर धरती हिली। 11.04 बजे 2.8 और 11.52 बजे 3 तीव्रता का भूकंप आया। तीनों का केंद्र चंबा जिले में ही रहा। इस कारण लोग रातभर सो नहीं पाए। पहला झटका काफी तेज था, जिस कारण कई जगह नुकसान भी हुआ है। जिला कांगड़ा के धर्मशाला में कई जगह घरों में दरारें आई हैं। यहां होटलों में ठहरे पर्यटक भी सहम कर कमरों से बाहर आ गए। होटलों में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी, फाउंडर अभिजीत भी मौजूद, शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो के लग रहे नारे

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

पेपर लीक और परीक्षा प्रणाली में कथित अनियमितताओं के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन जारी है। इस प्रदर्शन में सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के भी शामिल होने की संभावना है। प्रदर्शनकारियों की




प्रमुख मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की है। यह प्रदर्शन कॉकरोज फाउंडर अभिजीत दीपके की अगुआई में हो रहा है। अभिजीत शनिवार सुबह अमेरिका से दिल्ली लौटे। वे एयरपोर्ट से सीधे प्रदर्शन करने पहुंचे।
दीपके नीट पेपर लीक विवाद और सीबीएसई से जुड़े कथित मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने इन मामलों में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई है। प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। जंतर-मंतर से लेकर दिल्ली एयरपोर्ट तक अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस के अनुसार, प्रदर्शन के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अनुमति प्रदान की गई।

# सम्पूर्ण क्रांति : गांधीजी और विनोबाजी के आलोक में जयप्रकाश नारायण की शाश्वत दृष्टि



## संपादकीय

# कमजोर मानसून और महंगे कच्चे तेल की चुनौतियां

# 'कॉकरोच' पार्टी का सिस्टम पर प्रहार!

Simmu Singh Rajput

## राशिफल

मेष

मिथुन

सिंह

तुला

धनु

कुंभ

वृषभ

कर्क

कन्या

वृश्चिक

मकर

मीन

## संक्षिप्त समाचार

### राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी ने किया उप मुख्यमंत्री के साथ संवाद



**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/मांडल भीलवाड़ा।** राजसमंद राजस्थान विधानसभा की महिला विधायकों के साथ आदरणीय उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जी के वर्चुअल संवाद में सहभागिता कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री जी ने प्रदेश के समग्र एवं संतुलित विकास, महिला सशक्तिकरण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। संवाद के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने तथा विकास कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाने को लेकर विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श हुआ। उपमुख्यमंत्री जी का मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी विचार प्रदेश के विकास तथा जनसेवा के कार्यों को नई दिशा व गति प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो।

### मांडल देव दरबार जी का मंदिर नहीं खुला तो राजनीति छोड़ दूंगा उदय लाल भडाणा मांडल विधायक

**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/मांडल भीलवाड़ा।** मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना ने एक बार बड़ा और बेबाक बयान देकर राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। विधायक भड़ाना ने साफ शब्दों में कहा कि अगर मांडल का देव धनी मंदिर नहीं खुला तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने कहा कि यह केवल राजनीति का विषय नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था और सनातन संस्कृति का सवाल है।

### महेन्द्र सिंह को मिली जिला कांग्रेस एउ प्रकोष्ठ में महासचिव की जिम्मेदारी



**चमकता राजस्थान/लक्ष्मणगढ़(नरेन्द्र तिलकपुर)।** जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग अलवर द्वारा सामाजिक कार्यों में कर्तव्यनिष्ठा और लगनशीलता को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री ममता भूपेश व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अनुशंसा पर महेन्द्र सिंह को महासचिव नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पत्र जिला अध्यक्ष जल्लाराम जाटव सरपंच द्वारा जारी किया गया। महेन्द्र सिंह की नियुक्ति से पार्टी को जिले में मजबूती मिलेगी और आशा है कि वे पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से पार्टी का कार्य करेंगे। महेन्द्र सिंह पुत्र कन्हैया लाल बलाई, निवासी भूरपहाडी, तहसील लक्ष्मणगढ़ के हैं। नियुक्ति पर क्षेत्र के लोगों ने महेन्द्र सिंह को बधाई दी है और उम्मीद जताई है कि वे SC वर्ग की समस्याओं को पार्टी के समक्ष मजबूती से रखेंगे। समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त जिला महासचिव बने महेन्द्र सिंह को बधाई दी गई। महेन्द्र सिंह द्वारा भरतपुर सांसद संजना जाटव, भंवर जितेंद्रसिंह,नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, प्रदेश अध्यक्ष (अनुसूचित जाति विभाग) पूर्व राज्य मंत्री ममता भूपेश, राजेन्द्र पाल गौतम व जिला अध्यक्ष जलाराम जाटव सहित सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया ।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया प्रातः काल भ्रमण



**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/मांडल भीलवाड़ा।** आज भीलवाड़ा जिले की लाम्बा ग्राम पंचायत में प्रातः भ्रमण के दौरान ग्रामीण जीवन की सरलता, आत्मीयता एवं मनोरम प्रकृति का अनुभव किया। गाँवों की जीवंत संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं परंपराओं से जुड़ाव राजस्थान की विशिष्ट पहचान को सशक्त बनाते हैं।

इस दौरान माताओं, बहनों, युवाओं एवं बुजुर्गों से आत्मीय संवाद किया और उनके अनुभवों, सुझावों एवं अपेक्षाओं की जानकारी ली। साथ ही ग्राम क्षेत्र स्थित तालाब का निरीक्षण किया, ग्रामीणों के साथ योग एवं प्राणायाम कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया तथा पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने संकल्प को दोहराया।

आदरणीय प्रधानमंत्री श्री Narendra Modi जी के मार्गदर्शन में हमारी डबल इंजन सरकार 'विकसित राजस्थान' के संकल्प की सिद्धि हेतु निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री Dr. Prem Chand Bairwa जी भी उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार के आगमन से पार्टी को मिलेगी नई मजबूतीः मदन राठौड़

## अशोक गहलोत का राजनीतिक वजूद लगातार घटता जा रहा है, इसी के चलते कर रहे है अनर्गल बयानबाजीः मदन राठौड़

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश संगठन महामंत्री के रूप में अजेय कुमार की नियुक्ति भाजपा संगठन के लिए अत्यंत खुशी और गर्व का विषय है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने संगठन की भावना का सम्मान करते हुए अनुभवी एवं समर्पित कार्यकर्ता अजेय कुमार को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। शनिवार को जयपुर आगमन पर संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके बाद प्रदेश कार्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ संगठनात्मक बैठक की। बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, जिले के संगठनात्मक प्रभारी, सह प्रभारी, मोर्चो के अध्यक्ष–महामंत्री, बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के अभियान की टोली, अभियान के प्रकल्पों की मानिटरिंग टीम उपस्थित रही।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने अपना संपूर्ण जीवन समाज और संगठन की सेवा को समर्पित किया है तथा उनके अनुभव का लाभ राजस्थान भाजपा को मिलेगा। उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त, सक्षम एवं प्रभावी बनेगा तथा नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि संगठन महामंत्री की नियुक्ति के बाद अब उन्हें प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं और आमजन के बीच अधिक समय देने का अवसर मिलेगा। भाजपा का मूल आधार संगठन है और संगठन महामंत्री की सक्रिय भूमिका से पार्टी की संगठनात्मक शक्ति और मजबूत होगी। राठौड़ ने कहा कि आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा पहले से तैयार है और अब संगठनात्मक दृष्टि से और अधिक मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन महामंत्री अजेय कुमार संगठन को और अधिक सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा भाजपा सभी चुनावों में सफलता प्राप्त करेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अशोक गहलोत के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता यह समझ चुकी है कि अशोक गहलोत का राजनीतिक प्रभाव लगातार कम हो रहा है, उनका राजनीतिक वजूद घटता जा रहा है। इसी कारण वे अपनी सक्रियता साबित करने के लिए लगातार अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गहलोत अपने ही सहयोगियों पर हमला बोल रहे हैं और बार-बार पुराने विवादों को उठाकर कांग्रेस के भीतर के मुद्दों को सार्वजनिक कर रहे हैं। यह कांग्रेस का आंतरिक मामला है, लेकिन गहलोत जिस प्रकार लगातार बयान दे रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि वे अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल पूर्ण होने पर कहा कि 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी ने पहली बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी और अब उनकी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं।

## श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, नशामुक्ति व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**चमकता राजस्थान**

**धौलपुर रामदास तरुण।** बाड़ी उपखंड की खबर, सुनीपुर गांव में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में शुक्रवार को कृष्ण जन्मोत्सव का दिव्य प्रसंग बड़े श्रद्धाभाव एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कथा व्यास पंडित संजय शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान मानव कल्याण के लिए अवतार लेते हैं। कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य कर आनंद व्यक्त किया तथा पूरा पांडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।




कथा के दौरान संत- महात्माओं ने समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देना प्रत्येक परिवार का दायित्व है, तथा स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने, जल संरक्षण अपनाने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आ''ान किया गया। संतों ने धूम्रपान, तंबाकू एवं अन्य नशे की बुराइयों पर भी विस्तार से चर्चा करते हुए युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है, तथा इससे दूर रहकर ही स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर ग्वालियर से पधारे महंत रामसनेही दास, महंत श्री बालक दास खिरावली, पूज्य पटिया वाले सरकार दीनबंधु दास महाराज, श्री सिद्ध पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर राधा कृष्ण दास धाम सुनीपुर सहित जोहरी लाल, रामभजन मंडालिया, भारत सिंह, देवी सिंह, राजेंद्र सिंह डीलर, मोतीलाल, रामकेस सरपंच प्रतिनिधि, हलुकाराम, भगवान सिंह, पातीराम, दुलाराम, शिव सिंह, देशराज, रघुवीर सिंह ठेकेदार, भोपति, धर्मसिंह, रतन सिंह बाबूजी, शिवदास तरुण बाबूजी, हीरा सिंह, राजू डीजे सहित लगभग 1000 की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


## खनन कार्य पर लगी रोक हटाने हेतु जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से समाधान की मांग उठी



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण।** सरमथुरा उपखंड की खबर, आज सुरारीकला गांव में आयोजित लोकगीत कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के महत्वपूर्ण जनहित मुद्दों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में सम्माननीय सियाराम मीना ने सरमथुरा क्षेत्र में खनन कार्य पर लगी रोक के विषय को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि क्षेत्र के लोगों को एक समिति गठित कर मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी परिवेदना प्रस्तुत करनी चाहिए, ताकि खनन कार्य को पुनः प्रारंभ कराने के लिए सकारात्मक पहल हो सके। उनके इस सुझाव का उपस्थित ग्रामीणों एवं आमजन ने समर्थन किया। कार्यक्रम के दौरान डीईओ साहब ने भी मंच पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ खनन कार्य से जुड़े विषय पर विस्तृत विमर्श किया। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष मोतीलाल, संजय जाटव (विधायक प्रतिनिधि), मीणा समाज अध्यक्ष किशन सिंह , सरमथुरा थाना प्रभारी हरेंद्र सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। अपने उद्बोधन में डीईओ साहब ने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं रोजगार से जुड़े मुद्दों का समाधान संवाद और सकारात्मक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने मोतीलाल जी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से इस विषय के समाधान के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी कहा कि आमजन की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने डीईओ साहब के विचारों का समर्थन करते हुए खनन कार्य से जुड़े मुद्दे के शीघ्र समाधान की आवश्यकता व्यक्त की। ग्रामीणों का मानना है, कि खनन कार्य बंद होने से अनेक परिवारों के रोजगार पर प्रभाव पड़ा है, इसलिए सरकार एवं प्रशासन स्तर पर इस विषय पर सकारात्मक निर्णय लिया जाना चाहिए। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## भामाशाह उमाना राम प्रजापत के भूमि दान से साकार होगा उप स्वास्थ्य केन्द्र का सपना

**चमकता राजस्थान/चूरू** संवाददाता, अशोक प्रजापति/जैतासर/चूरू। जनसेवा, परोपकार और समाजहित की भावना का उत्कृष्ट परिचय देते हुए क्षेत्र के सम्मानित भामाशाह श्री उमाना राम जी प्रजापत ने उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण हेतु अपनी निजी भूमि दान कर एक प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय मिसाल पेश की है। उनके इस पुनीत योगदान से ग्राम जैतासर में लंबे समय से अपेक्षित उप स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण का सपना अब साकार होने की दिशा में अग्रसर हो गया है।ग्रामीणों के अनुसार स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भूमि उपलब्ध करवाना गांव के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। इससे भविष्य में जैतासर सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकेंगी। विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।श्री उमाना राम जी प्रजापत द्वारा किया गया भूमि दान समाज के प्रति उनकी संवेदनशील सोच, सेवा भावना एवं जनकल्याण के प्रति समर्पण को दर्शाता है। आज के दौर में निजी भूमि को सार्वजनिक हित के लिए समर्पित करना एक बड़ा त्याग माना जाता है, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है।ग्रामवासियों एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भामाशाह उमाना राम जी प्रजापत के इस जनहितकारी कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह योगदान आने वाले वर्षों तक याद रखा जाएगा। यह कार्य समाज में सेवा, सहयोग और परोपकार की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को भी समाजहित में आगे आने की प्रेरणा देगा।क्षेत्रवासियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सुख-समृद्धि की कामना करते हुए इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त किया तथा कहा कि ऐसे भामाशाह समाज की अमूल्य धरोहर होते हैं।



## बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर कार्यशाला आयोजित




**चमकता राजस्थान/ पत्रकार कमल साहू। ब्यावर।** श्री वर्धमान पी. जी. कन्या महाविद्यालय में शनिवार को महिला अधिकारिता विभाग के पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र के तत्वावधान में बालिकाओं की सुरक्षा, जागरूकता एवं सशक्तिकरण विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में केंद्र प्रबंधक बरखा दगदी ने बालिकाओं को राजकॉप सिटीजन ऐप के माध्यम से आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने महिला हेल्पलाइन नंबर 181 एवं 1090 के बारे में बताते हुए संकट की स्थिति में इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नारी उद्यम प्रोत्साहन योजना की जानकारी देते हुए बताया कि बालिकाएं एवं महिलाएं इस योजना का लाभ उठाकर स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। आर्थिक रूप से सशक्त महिला ही अपने परिवार एवं समाज के विकास में प्रभावी योगदान दे सकती है। कार्यक्रम में बालिकाओं को पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न सेवाओं की जानकारी भी दी गई। साथ ही अपने अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज की बालिकाएं यदि सक्षम एवं सशक्त बनेंगी तो आने वाली पीढ़ियां भी सशक्त, जागरूक एवं समृद्ध बनेंगी। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमान लोढ़ा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया।

## प्रोफेसर नंद किशोर पांडे को हिंदी प्रेमियों ने दी जन्मदिन की बधाई



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** हरदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय जयपुर के कुल गुरु प्रोफेसर नंदकिशोर पांडे को उनके जन्म दिवस के अवसर पर हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान जयपुर राजस्थान के अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता, भाजपा नेता, डॉ अखिल शुक्ला, उपाध्यक्ष गोपेश शर्मा सचिव उषा शर्मा,संस्था की कुल सचिव अविनाश शर्मा सहित पदाधिकारी ने जन्म दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। पूर्व में प्रोफेसर नंदकिशोर पांडे केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा भारत सरकार के निदेशक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग भारत सरकार के अध्यक्ष , राजस्थान विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष सहित अनेक पदों पर रह चुके हैं वर्तमान में सेवानिवृत्त पश्चात इन्हें हरदेव जोशी विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान का कुलगुरु नियुक्त किया है।

# 5 दिवसीय बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का आयोजन अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा की तरफ से बेकयार्ड बॉक्स मे आयोजित हुआ

**चमकता राजस्थान**

**मनीष मेहता जोधपुर।** जिस मे 16 टीम ने अपना प्रदर्शन दिखाया ` विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 7100 का चेक, उप विजेता को ट्रॉफी के साथ 3100 का चेक दिया गया और साथ ही 16 खिलाडियों को अवार्ड सर्टिफिकेट और शानदार गिफ्ट दिए गए` वही पदाधिकारियो का साफ़ा, माला, मोमेंटो और सर्टिफिकेट से सम्मान किया गया `आमान,सैफ,नोशाद ,वसिम ,अतीक ,आदिल , सलिफ, समीर, अदनान, राहिल , फैसल, मुदाईस, कैफ, सुलेमान, तफील,सेजान औरफाइनल मैच KKR vs All Bro 30 के बीच खेला गया, इस मुकाबले को All Bro 30 ने 60 रन से जीत लियोफाइनल में मैन ऑफ द मैच राहिल लोदी रहे,टूर्नामेंट के बेस्ट बल्लेबाज व मैन ऑफ द सीरीज अदनान रहे।बेस्ट बॉलर फैसल रहे।मंच संचालन माहिर खान, टूर्नामेंट के संयोजक शोएब, समीर और साहिल रहे इसी के साथ पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य मे जिला अध्यक्ष रशीद खान जी ने सभी पदाधिकारीयो को तुलसी पौधे भेंट किये` अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकम चंद प-रिहार, प्रदेश अध्यक्ष अभिलेश वडेरा, जिला अध्यक्ष रशीद खान, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरदीप सिंह सलूजा, प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरेंद्र श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष मदन लाल बेद,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोहर सिंह खींची, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीषा राठौड़, प्रदे-श महासचिव उषा वडेरा,डॉ. अनिता परिहार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष,राष्ट्रीय महासचिव कविता श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र राजपुरोहित, प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक गेहलोत, लक्ष्मीकांत गेहलोत जिला अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग कांग्रेस कमेटी, हेमंत मौर्या समाजसेवी, शम्भूसिंह मेरतिया, प्रदीप सोनगरा न्यायिक अधिकारी, अक्षयसिंह राजपूरोहित अधिवक्ता, दीपक प्रजापत,सुनील प्रजापत सभी गणमान्य उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट से जीती जंग, और प्रशासन से न्याय की अपील



**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता जोधपुर।** भ्रष्टाचार का सबसे वीभत्स रूप जोधपुर के कैलाश सिंह भाटी (पुत्र शैतान सिंह भाटी, आवेदन क्रमांकः 18123277310) के मामले में देखने को मिलता है। प्रयोगशाला सहायक भर्ती-2018 के इस अभ्यर्थी के पास उम्मेद अस्पताल, जोधपुर के अधीक्षक द्वारा जारी (पत्र क्रमांकः 4722, दिनांकः 18/08/2022) 06 वर्ष 05 माह 28 दिवस के कार्यानुभव का पुनर्प्रमाणीकरण पत्र है। कैलाश सिंह ने न्याय के लिए अदालतों के चक्कर काटे। जिसके चलते हाईकोर्ट सिंगल बेंच (13124/2023): अभ्यर्थी के पक्ष में फैसला। हाईकोर्ट डबल बेंच (डीबी 885/2024): चिकित्सा विभाग की करारी हार। सुप्रीम कोर्ट (एसएलपी 36786/2025): सरकार की जिद पर देश की सबसे बड़ी अदालत ने पानी फेर दिया और विभाग यहाँ भी मुकदमा हार गया। हैरानी की बात देखिए, जहां देश की सर्वोच्च अदालत ने न्याय पर मुहर लगा दी, वहां विभाग के एक भ्रष्ट बाबू की 'प्रलोभन की भूख' इतनी बढ़ गई कि उसने कैलाश सिंह की नियुक्ति से जुड़ी फाइलें और दस्तावेज ही गायब कर दिए। पीडित ने 30/01/2026 को मुख्यमंत्री और एसीएस जन स्वास्थ्य तक को डाक से पत्र भेजा, लेकिन इस अंधेरगर्दी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### कालोता में पेयजल संकट से परेशान ग्रामीणों ने किया किया विरोध प्रदर्शन



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा ।** कुण्डल तहसील मुख्यालय क्षेत्र के कालोता गांव में पानी की समस्या को लेकर आज ग्रामीणों का आक्रोश फुट पड़ा उन्होंने खाली बर्तन लहरा कर जलदाय विभाग व पंचायत प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की गई।स्थानीय ग्रामीण राजेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि 15 दिन से हेडपंप ख़राब पड़ा हुआ हैं। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधियों व जलदाय विभाग के उच्च अधिकारियों को कई बार शिकायत करने के बाद भी ठीक नहीं किया जा रहा है। कालोता, कुण्डल बायपास सड़क मार्ग पर एक हेडपंप चालू था। जिस पर आधा गांव इसी हेडपंप से पानी भरता है और इसी हेडपंप के पानी पर निर्भर है लेकिन 15 दिन पहले यह भी खराब हो गया, जिससे गांव में पेयजल संकट गहरा मंडरा गया है। जिसकी शिकायत ग्राम पंचायत के उच्च अधिकारियों व जलदाय विभाग के अधिकारीयो करने के बाद भी ठीक नहीं किया जा रहा है। दीपा राजपूत ने बताया कि ख़राब हेडपंप शिकायत बार बार 181 पर शिकायत करने के बावजूद हेडपंप ठीक नहीं किया जा रहा है। शिकायत का निस्तारण बता दिया जाता है। जबकि मौके पर जलदाय विभाग का कोई ठेकेदार या कर्मचारी मौका स्थल पर नहीं पहुंचता है। इससे गांव में पेयजल समस्या गहरा गई है। चंचल शर्मा ने बताया कि हमने इसकी शिक़ायत ग्राम पंचायत के सरपंच व जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाने के बाद भी ठीक नहीं किया जा रहा है हेडपंप ख़राब होने से हमारे गांव में पेयजल संकट गहरा गया है पेयजल संकट से ग्रामीण व मवेशी पानी की एक एक बूंद के लिए तरस रहे हैं हमें दो से तीन किलोमीटर दूर से पानी लाकर प्यास बुझानी पड रही है।दिनभर परिवार के सभी सदस्य पानी की लाने की जुगत में लगे रहते हैं।

# पंचायत समिति श्रीनगर के ग्राम पंचायत श्रीनगर में कृषि विभाग, की ओर से आत्मा योजना के तहत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनिता यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष की

चमकता राजस्थान



**रघुनंदन पारीक/श्रीनगर/अजमेर।** उपस्थिति में एवं शिवलाल यादव, सहायक निदेशक उधान, अजमेर एवं पूजा दौतानिया उप परियोजना निदेशक आत्मा, अजमेर के निर्देशन में खरीफ सीजन पूर्व एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अभय राज दुलारा सहायक, कृषि अधिकारी, श्रीनगर कार्यकम को प्रारम्भ करते हुए किसानो को बुवाई से पूर्व खेत की तैयारी तथा मृदा स्वास्थ कार्ड की अनुशंसा के आधार पर सतुलित मात्रा में खाद उर्वरको के प्रयोग करते हुए उन्नत किस्मो का उपयोग तथा बीजोपचार कर बुवाई करने की सलाह दी।

पूजा दौतानिया उप परियोजना निदेशक आत्मा, अजमेर द्वारा किसानों को आत्मा योजना की विभिन्न गतिविधियों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। शिवलाल यादव, सहायक निदेशक उधान, अजमेर ने किसानों को बताया कि डीएपी के स्थान पर वैकल्पिक उर्वरक सिंगल सुपर फास्फेट व एनपीके का प्रयोग करना चाहिए। जलवायु परिवर्तन की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए क्लाईमेट रेजिलेंस एग्रीकल्वर पर भी किसानों का ध्यान आकर्षण किया गया, किसानो को बताया गया कि जलवायु की बदलती दशाओ को ध्यान में रखते हुए किसानो को कृषि में लचिलापन लाने की महत्ती आवशयकता हैं, जिसके तहत जलवायु की बदलती परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र में फसलो का चयन कर कृषि कार्य करना चाहिए। श्रवण लाल जाट, सहायक कृषि अधिकारी, उधान, अजमेर द्वारा पंच गौरव के तहत एक जिला एक उपज गुलाब की तकनिकी की जानकारी दी गई।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत किसानो को जल बचत हेतु अपील पत्र वितरित किये गयें और जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उपस्थित किसानो को जल के संरक्षण की आवशयकता, सरंक्षण के तरीकों, जल का न्यायसंगत तरीके से उपयोग तथा विभाग द्वारा संचालित जल संरक्षण गतिविधियों जैसे खेत तलाई निर्माण कर जल संरक्षण, सिंचाई पाईप लाईन स्थापना, उपलब्ध जल के समूचित उपयोग हेतु सिंचाई संयत्रों फव्वारा, ड्रिप, मिनिस्प्रिंकलर, मल्चिग तथा डीबीटी योजनाओं, कम्पोस्टींग तकनीकी आदि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

गोष्ठी के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण दिवस भी मनाया गया। पर्यवरण संरक्षण की आवशयकता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यालय परिसर में पौध रोपण किया गया।

अतिथि व्याख्याता डॉ. रविन्द्र सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य, तबीजी द्वारा किसानो को खरीफ फसलों की बुवाई हेतु खेत की तैयारी, पोषक तत्व प्रबंधन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किशोर त्रिपाठी, वरिष्ठ तकनिसियन, तबीजी द्वारा किसानो को जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ० रामस्वरूप मीणा, वरिष्ठ वैज्ञानिक, पादप प्रजनन, तबीजी द्वारा किसानो को खरीफ फसलो की उन्नत किस्मो के बारे में बताया गया। डॉ० करतार चौधरी, पादप रोग वेज्ञानिक, तबीजी द्वारा फसलो के विभिन्न किट रोग व्याधियो के नियंत्रण एवं उपचार के बारें में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सहायक कृषि अधिकारी क्षेत्र श्रीनगर सेकड़ो किसान तथा कृषि पर्यवेक्षक नरेन्द्र सिंह खंगारोत, सुनिल कुमार भांबी, रामसिंह रावत, माया यादव, कविता यादव आदि उपस्थित रहें।

# मुंबई की तुंबई हुई तो जिम्मेदारी भाजपा की होगी, प्रशासन पर दोष मढ़कर नहीं बच सकते : सांसद वर्षा गायकवाड़

चमकता राजस्थान



**अरविंद कोठारी/मुंबई।** मुंबईवासियों को भ्रष्टाचारमुक्त शासन और स्वच्छ मुंबई का वादा कर महानगरपालिका की सत्ता में आई भाजपा ने कुछ ही महीनों में अपना असली चेहरा दिखाना शुरू कर दिया है। मई महीना समाप्त होने और मानसून सिर पर आने के बावजूद नालों की सफाई का काम पूरा नहीं हुआ है। हल्की बारिश में ही कई स्थानों पर जलभराव होने से बीएमसी में भाजपा सरकार और मुंबई महानगरपालिका प्रशासन की पोल खुल गई है। करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद मुंबई के फिर से ''तुंबई'' बनने की आशंका दिखाई दे रही है। यदि मुंबई में जलभराव होता है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी भाजपा की होगी, प्रशासन पर दोष डालकर बचा नहीं जा सकता, ऐसा मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा।

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड़ की अध्यक्षता में मुंबई के सभी जिला अध्यक्षों, नगरसेवकों, फ्रंटल संगठनों, विभागों, सेल, बीएलए-1 तथा ब्लॉक समन्वयकों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक राजीव गांधी भवन में आयोजित की गई। बैठक में मुंबई के विभिन्न क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों और नागरिक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में पूर्व मंत्री अस्लम शेख, विधायक अमीन पटेल, मुंबई कांग्रेस के प्रवक्ता सुरेशचंद्र राजहंस सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि, ''निर्वाचन आयोग की एसआईआर (SIR) मुहिम के कारण मुंबई के किसी भी नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटना नहीं चाहिए। इसके लिए सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष ध्यान देना होगा। जिन मतदाताओं के नाम सूची में हैं, उनके आवशयक दस्तावेज समय पर जमा कराए जाएं और पूरी प्रक्रिया का पालन किया जाए। यदि सभी दस्तावेज होने के बावजूद किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटाया गया हो, तो उसकी जानकारी लेकर उसे पुनः सूची में शामिल कराने के लिए प्रयास किए जाएं।''

# एक पेड़ माँ के नाम : पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर के अंतर्गत वृक्षारोपण किया

चमकता राजस्थान

- **वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान का समापन विश्व पर्यावरण दिवस पर गणेश मंदिर कालोता बग़ीची में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी अभियान ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ में पेड़ लगाकर लोगों को जागरूकता का दिया संदेश।**

**रिवेन्द्र कुमार शर्मा।** कुण्डल तहसील मुख्यालय क्षेत्र क्षेत्र में स्थित गणेश मंदिर कालोता बग़ीची में विश्व पर्यावरण दिवस पर पेड़ लगाकर लोगों को जागरुक किया। जो कि वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान की शुरुआत 25 मई को हुई जिसका 5 जून 2026 को विश्व पर्यावरण दिवस पर गणेश मंदिर कालोता बग़ीची में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाग लेकर लगाया पेड़ इस दौरान कुंडल मंडल प्रभारी चतर सिंह रतनावत मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर मंडल महामंत्री सुगन,रामसिंह राजावत ,राजेन्द्र काली पहाड़ी, अनिल सैनी,धनपाल गुर्जर, कार्यालय मंत्री राम भरोसी पवन भेडोली,रेवडमल बैरवा, मिठालाल गुर्जर,नेनसुख चेची, सीताराम गुर्जर शंकर लाल गुर्जर,मुरारी लाल शर्मा भारतीय जनता पार्टी कुंडल मंडल के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ! साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा कुण्डल मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर सभी को जागरूक किया और कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अवशय लगाना चाहिए और भी कई तरह की जानकारी दी इस दौरान सभी जगह जगह पर पेड़ लगाएं और लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए जागरूक किया।

### फिरोज पुर झिरका जिला नूंह मे भाजपा कार्यकर्ता मीटिंग का किया आयोजन



**चमकता राजस्थान/कासिम पत्रकार / नूहं मेवात हरियाणा।** आज फिरोज पुर झिरका नूहं मेवात हरियाणा मे फिरोज पुर झिरका विधान सभा प्रत्याशी चौ नसीम अहमद पूर्व विधायक द्वारा श्री अग्रसेन भवन मे कार्यकर्ता मीटिंग का आयोजन किया जिसमे श्री जान मोहम्मद जिला प्रमुख नुंह व भाजपा जिला अध्यक्ष नूंह श्री पिन्टू व नगर पालिका चैयरमैन श्री मनीष जैन फिरोज पुर झिरका व मण्डल अध्यक्ष श्री रमेश आर्य जी व महिला सशकित करण श्री मति गोल्डी शर्मा व भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री मति निशा सैनी व मास्टर जाकिर हुसैन समाज सेवी मेवात तालीमी संस्था व भाजपा के वरिष्ट पद अधिकारी व कार्य करणी के सदस्या सभी मौजूद रहे जिसमे हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के विषय मे जानकारी दी गई और भाजपा व मोदी सरकार को मजबूत करने पर चर्चा हुई फिरोज पुर झिरका विधान सभा क्षेत्र से नसीम अहमद का कहना है कि हमे ईमानदारी व लग्न से पार्टी के लिये आगे भी इसी तरह कार्य करते रहना होगा मीटिंग हाल पार्टी के नारों से गुंजा जय मेवात जय हरियाणा

### ग्राम बीर मे खेत बचाओ अभियान प्रशिक्षण हुआ



**चमकता राजस्थान/ रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** ग्राम पंचायत बीर में राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र अजमेर एवं कृषि विभाग अजमेर के तत्वावधान मे खेत बचाओ अभियान प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ रविन्द्र सिंह प्रधान वेज्ञानिक शस्य विज्ञान ने रासायनिक उर्वरको के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए जैव उर्वरक का प्रयोग के बारे मे जानकारी दी गयी ।

डॉ.रामस्वरूप मीना प्रधान वैज्ञानिक ने हरी खाद के रूप में ढैँचा का महत्त्व एवं प्रयोग की विधी की विस्तार से जानकारी दी गयी।

डॉ. करतार सिह वेज्ञानिक पौध संरक्षण ने प्रमुख किटों का जैविक नियन्त्रन एवं टॉइकोडर्मा, बावेरिया के प्रयोग की विस्तार से जानकारी दी गयी।

### उप शासन सचिव आयुष ने जिला आयुष चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

**चमकता राजस्थान/ पत्रकार कमल साहू/ब्यावर।** आयुष विभाग राजस्थान सरकार के उप शासन सचिव गोपाल परिहार ने शनिवार को चांदमल मोदी राजकीय जिला आयुष चिकित्सालय, ब्यावर का औचक निरीक्षण कर चिकित्सालय में संचालित विभिन्न आयुष सेवाओं, योजनाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने आतुरालय में भर्ती रोगियों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मां) के अंतर्गत भर्ती एवं लाभान्वित रोगियों से उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

चिकित्सालय प्रभारी एवं पंचकर्म चिकित्सा प्रभारी डॉ. पारस चौहान ने चिकित्सालय में संचालित पंचकर्म चिकित्सा केन्द्र, क्षारसूत्र चिकित्सा केन्द्र, आंचल प्रसूता केन्द्र, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना तथा आरजीएचएस योजना सहित विभिन्न आयुष सेवाओं की जानकारी दी।

परिहार ने मां योजना के तहत भर्ती रोगियों को कटिशूल (कमर दर्द) के उपचार हेतु दी जा रही कटिबस्ति, पत्रपिण्ड स्वेदन, दशांग लेपम एवं अग्निकर्म चिकित्सा का अवलोकन किया। वहीं आरजीएचएस योजना के अंतर्गत डे-केयर उपचार प्राप्त कर रहे रोगियों को संधिगतवात (घुटने के दर्द) में प्रदान की जा रही जानुवस्ति, अभ्यंग एवं वाष्पस्वेदन चिकित्सा के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने क्षारसूत्र चिकित्सा पद्धति से अर्श एवं भगन्दर रोगों का उपचार प्राप्त कर रहे रोगियों से भी संवाद कर उपचार संबंधी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय परिसर स्थित धन्वन्तरी औषधीय उद्यान का अवलोकन कर वहां स्थापित नाम एवं औषधीय गुणों की पट्टिकाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने गुडमार, सुदर्शन, शतावरी, कांचनार, गुग्गुल, अमलतास एवं ताम्बूल सहित विभिन्न औषधीय पौधों के गुणों एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर चिकित्सालय की आरोग्य समिति के सदस्य राजेन्द्र कुमार गर्ग ने समिति की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

# अजमेर डेयरी की ऐतिहासिक पहलः श्वेत क्रांति को नई उड़ान, 50 दुग्ध समितियां होंगी हाईटेक

**रघुनंदन पारीक/श्रीनगर/अजमेर।**



## अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीण सहकारिता को लगे पंख, दुग्ध समितियों के सचिवों को किया संबोधित

ग्रामीण आंचल में श्वेत क्रांति को नई ऊर्जा देने और दुग्ध उत्पादकों को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अजमेर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. (अजमेर डेयरी) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। अजमेर डेयरी के अध्यक्ष श्री रामचन्द्र चौधरी के सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व में जिले की 50 नई पंजीकृत प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण और उनके कार्यालयों को पूरी तरह आधुनिक (हाईटेक) बनाने के लिए बड़ी वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है।

- **सचिवों में भरा जोश, दिया पारदर्शिता का मंत्र :-**

इस सौगात की घोषणा करते हुए अजमेर डेयरी अध्यक्ष श्री रामचन्द्र चौधरी ने सभी 50 लाभान्वित समितियों के सचिवों को विस्तार से संबोधित किया। उन्होंने सचिवों में नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि, ₹दुग्ध उत्पादक किसान हमारी अर्थव्यवस्था और सहकारिता की असली रीढ़ हैं। इन समितियों के हाईटेक होने से न केवल दूध के संकलन और रिकॉर्ड संधारण में अभूतपूर्व पारदर्शिता आएगी, बल्कि हमारे किसानों के साथ दैनिक लेनदेन भी अधिक सटीक और त्वरित होगा। उन्होंने सभी सचिवों का आ''ान किया कि वे इस आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग ग्रामीण किसानों के उत्थान और दुग्ध उत्पादन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए करें।

- **राष्ट्रीय डेयरी विकास योजना (NPDD) से कायाकल्प :-**

इस महत्वाकांक्षी पहल को और अधिक प्रभावी रूप देने के लिए इसे भारत सरकार के 'राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम' (NPDD) कॉम्पोनेंट-ए के अंतर्गत शामिल किया गया है। योजना के तहत प्रत्येक चयनित दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति को 88,000 रुपये की लागत वाली दुग्ध संकलन सामग्री और उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस पूरी लागत में सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से 50 प्रतिशत का महत्वपूर्ण अनुदान दिया गया है तथा शेष 50 प्रतिशत राशि सम्बन्धित समितियों द्वारा वहन की जायेगी। दूध की गुणवत्ता की सटीक जाँच एवं तोल सुनिश्चित करने के लिए समितियों को 'मिल्क एनालाईजर' प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही प्रत्येक समिति को सुचारू कार्यालय संचालन के लिए निम्नलिखित उच्च गुणवत्ता वाले 22 प्रकार के संसाधन भी दिए गए हैं:-

1. Graduated pipettes 10 ML
2. Glass Beakers, 100 ml
3. Tray for reagents, size 16x12 inches, made from food grade plastic
4. Plastic tilt measure 1 ml for alcohol with rubber work & with plastic bottle of 250 ml
5. Plastic tilt measure 10 ml for acid with rubber cork & with plastic bottle of 500 ml
6. Milk Analyser with EWS
7. Electric Gerber Centrifuge
8. Adulteration Test Kit
9. Milk Purchase Register
10. Milk Payment Register
11. Anudan Register
12. Proposal Register
13. DCS Pass Book for members (@14 per)14. Demand Book
15. Receipt book (DCS)
16. Can Office Chair
17. Office Table
18. Almirah
19. Calculator MJ 120D
20. Pin Notice Board 2x3 (Heavy)
21. Heater
22. Hamer

- **इन 50 ग्रामीण दुग्ध समितियों को मिली यह बड़ी सौगातः**

आज इस योजना से लाभान्वित होने वाली जिले की 50 दुग्ध समितियों में लीडीगांव (रूपपुरा), देवपुरा, मोतीसर, दिलवाड़ी, जोरावरपुरा (पीथावास), जिलावड़ा, बड़ला खेड़ा, भवानीपुरा (खरवा), भावसा, अर्जुनपुरा, लक्ष्मीपुरा (कल्याणपुरा), पाखरियावास, बृजपुरा आदर्श, उदयपुर कलां, पारा आदर्श म., जालखेड़ा, चण्डाली का झोपडा, राजगढ़ आदर्श, गोवलिया, बानोला, सपनी खेडा आदर्श म., गुढा आदर्श, मानखंड, दयालपुरा, मोटालाव, सदारी, काचरिया, मोहनपुरा, रावला का बाडिया, जूनिया कॉलोनी, छोटी होकरा, अलीपुरा, रसूलपुरा, सागरमाला, घोलादांता देरड़ू, अलाम्बू, रायनगर, कोहडा, केरिया, रामगढ, नयागांव म., भैरूखेडा, दौलतपुरा द्वितीय, आडेडा म., जोगिया नाडा म., देवमण्ड, भैरूखेडा (मोयणा), काबरी चाट, देवखेडी, और भांडावास शामिल हैं।

# बिजयनगर में पेयजल संकट पर विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत का बड़ा एक्शन

चमकता राजस्थान

**ब्यावर /बिजयनगर।** क्षेत्र में बढ़ती पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर की जल व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। विधायक ने स्पष्ट कहा कि भीषण गर्मी के दौरान आमजन को पानी की कमी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए विभाग पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करे।
विधायक कानावत जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने वार्डवार जलापूर्ति चार्ट की समीक्षा की तथा सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता को शहर की जल व्यवस्था को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने विधायक को बताया कि आगे से पर्याप्त मात्रा में पानी की आपूर्ति नहीं मिल पाने के कारण कुछ क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है।
इस पर विधायक ने तत्काल केकड़ी एवं भिनाय जलदाय विभाग के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर बिजयनगर के लिए अतिरिक्त पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विधायक के हस्तक्षेप से बिजयनगर क्षेत्र को वर्तमान में मिल रही 6 एमएलडी



(मिलियन लीटर प्रतिदिन) जलापूर्ति को बढ़ाकर 9 एमएलडी करवाया गया, जिससे शहर के विभिन्न वार्डों में पेयजल संकट से राहत मिलने की उम्मीद है।
विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों से पानी की कमी की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। साथ ही जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी रखी जाए तथा खराब पाइप लाइनों एवं अन्य तकनीकी खामियों को शीघ्र ठीक कराया जाए। आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से भी लोगों तक पानी पहुंचाया जाए।
उन्होंने कहा कि गर्मी के इस मौसम में पेयजल संकट किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और जनता को पर्याप्त एवं नियमित पानी उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विधायक ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जलापूर्ति व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
पेयजल समस्या के साथ-साथ शहर में बार-बार बिजली कटौती की समस्या को भी विधायक ने गंभीरता से लिया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जलापूर्ति के समय बिजली आपूर्ति बाधित न हो तथा अनावश्यक बिजली कटौती से बचा जाए, ताकि पानी की सप्लाई प्रभावित न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### प्यार, ब्रेकअप और बदला....

- **मोहाली ऑफिस में एक्स गर्लफ्रेंड पर चाकू से 20-25 वार, सहकर्मी बेबस देखते रहे**

**चंडीगढ़।** प्यार में तकरार की गुंजाइश होती है लेकिन वार की नहीं। पंजाब के मोहाली की जिस डिंपल से सालों प्यार किया उसका कत्ल हैरी ने आखिर कर कैसे दिया? कत्ल भी ऐसा जो किसी को भी झकझोर दे। ब्रेकअप का ये मतलब नहीं कि उसे मार दिया जाए। मोहाली की डिंपल के कत्ल ने एक बार फिर आशिकों के सनकी मिजाज को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। माना कि डिंपल और हैरी सालों तक रिश्ते में थे। लेकिन जब ब्रेकअप हो गया तो इसे आपसी सहमति मानकर आगे बढ़ने में ही समझदारी थी। ये कौन सी सनक थी कि तू मेरी नहीं तो किसी की नहीं। इसी सनक के चलते वह डिंपल की जान लेने पर उतारू हो गया। हत्या का वीडियो इतना भयावह है कि देखकर कोई भी सिहर उठे। दफ्तर में घुसकर डिंपल को 20 से 25 चाकू मारने के बाद हैरी ने खुद का गला रेतकर जान देने की कोशिश की। लेकिन वह बच गया। अस्पताल में वह जिंदगी की जंग लड़ रहा है। डॉक्टर ने उसका ऑपरेशन कर दिया है लेकिन हालत अभी भी गंभीर है। ये जानकारी मोहाली के डीएसपी हरसिमरन सिंह बल ने दी। उन्होंने बताया कि दिल दहला देने वाली ये वारदात मोहाली के फेज-8 थाना इलाके की है। पुलिस के मुताबिक, 4 जून को बीएनएस की धारा 103 के तहत दर्ज कराई गई एफआईआर पर जांच शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी फुटेज और वैज्ञानिक जांच से पता चला कि हरजिंदर सिंह उर्फ हैरी मान ने अपनी सहकर्मी डिंपल पर उस पीछे से चाकू से वार किए जब वह दफ्तर में बैठी काम कर रही थी। डिंपल को तो भनक तक नहीं थी कि हाथ में चाकू लिए हैरी उनके पीछे खड़ा है। पुलिस के मुताबिक, डिंपल पर हैरी ने चाकू से करीब 20 से 25 वार किए गए, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच में पता चला कि दोनों ही पटियाला के रहने वाले थे। वह साथ काम करते थे। शुरुआती जांच के मुताबिक, दोनों के बीच पहले निजी संबंध थे, लेकिन बाद में अनबन हो गई। मोबाइल फोन, चैट और अन्य डिजिटल सबूतों की भी जांच की जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही डिंपल और हैरी दोनों के ही परिजन मौके पर पहुंच गए। हालांकि लड़के का परिवार विदेश में रहता है, लेकिन उसकी बहन यहां वहां पहुंची। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### राज्यसभा चुनाव में फंसा पेंच

- **जेएमएम बोली- दोनों सीटों पर लड़ेंगे, कांग्रेस प्रणव झा को दे चुकी है टिकट**

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में पेंच फंस गया है। कांग्रेस आलाकमान ने मल्लिकार्जुन खरगे के सलाहकार प्रणव झा को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) ने एकतरफा ऐलान करते हुए दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का फैसला लिया है। सीएम हेमंत सोरेन को प्रत्याशी चयन के लिए अधिकृत किया है। कांग्रेस ने एक प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर दिया है। वहीं, राज्यसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी में प्रत्याशियों के नाम पर मंथन चल रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा राज्यसभा की दोनों सीटों पर उम्मीदवार उतारेगा। सीएम हेमंत की अध्यक्षता में पार्टी की उच्चस्तरीय बैठक में यह फैसला लिया गया है। हालांकि, सीएम हेमंत की ओर से इसपर आधिकारिक मुहर लगना बाकी है। कैबिनेट मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने इसकी पुष्टि की है। बता दें कि आज दोपहर को मीटिंग में झामुमो के सभी विधायकों, मंत्रियों और सांसदों ने सीएम हेमंत को यह राय दी थी। उन्होंने कहा कि हमें दोनों सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारना चाहिए। उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम फैसला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लेंगे। इस बैठक में स्टीफन मरांडी, नलिन सोरेन, सुदिव्य कुमार सोनू, दीपक बिरुआ, योगेंद्र प्रसाद, मथुरा महतो, हफीजुल हसन, विजय हांसदा सहित कई अन्य बड़े नेता शामिल थे। आपको बता दें कि झारखंड की दो राज्यसभा सीटों (जिनमें एक शिबू सोरेन के निधन और दूसरी दीपक प्रकाश का कार्यकाल समाप्त होने से खाली हुई है) पर चुनाव हो रहा है।

### कौन है राहुल गांधी का खास दोस्त? कांग्रेस सांसद ने बर्थ-डे विश कर दिल्ली बुलाया

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की रुद्रपुर में रहने वाले 10 वर्षीय इकनूर से दोस्ती है। यह बात सुनने में भले थोड़ी अटपटी लगे लेकिन सच है। इकनूर और राहुल गांधी दोनों फोन पर बात करने के साथ व्हाट्सएप पर एक-दूसरे को मैसेज करते हैं। बृहस्पतिवार को राहुल पंतनगर एयरपोर्ट पर पहुंचे तो किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने उन्हें बताया कि आज इकनूर का जन्मदिन है। फिर क्या था अल्मोड़ा और पौड़ी की जनसभाओं को वर्चुअल संबोधित करने के बाद राहुल गांधी ने इकनूर को अपने मोबाइल से फोन लगाया और जन्मदिन की बधाई दी। साथ ही दिल्ली आने के लिए कहा। विधायक बेहड़ ने बताया कि एक साल पहले जब राहुल गांधी अमृतसर गोल्डन टैंपल में सेवा करने पहुंचे थे। तब रुद्रपुर का 10 वर्षीय इकनूर भी अपने पिता के साथ सेवा कर रहा था जहां उसकी मुलाकात राहुल गांधी से हुई और इकनूर को राहुल ने अपना मोबाइल नंबर दिया था तभी से दोनों की दोस्ती हो गई और बातें होनी लगी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को पंतनगर एयरपोर्ट पर वह अपने पौते पुरुराज बेहड़ के साथ राहुल गांधी का स्वागत करने पहुंचे थे। इस बीच राहुल ने पुरुराज को अपनी जेब से चॉकलेट निकालकर दी। इसी बीच उन्होंने इकनूर का जन्मदिन होने की बात कही तो जनसभाओं को संबोधित कर राहुल गांधी ने बच्चे को फोन मिलाया और जन्मदिन की बधाई दी। राहुल ने इकनूर से पूछा कि खेल रहे हो या नहीं। तब इकनूर ने बताया कि उसने स्वीमिंग की थ्री स्टैंड में गोल्ड मेडल जीता है। इस पर राहुल ने उन्हें बधाई दी। साथ ही लव यू कहकर अपनी बात खत्म की। इससे पहले इकनूर ने राहुल गांधी को घर आने का न्यौता दिया।

# राजकीय महाविद्यालय धौलपुर में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न

चमकता राजस्थान

अनिल शेखर/धौलपुर। राजकीय महाविद्यालय धौलपुर में 'विश्व पर्यावरण दिवस' के उपलक्ष्य में एक भव्य पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (एछउ) और राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और परिसर को हरा-भरा बनाना था।

- **फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण**

कार्यक्रम के दौरान कॉलेज परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे लगाए गए।




उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकों और स्वयंसेवकों ने मिलकर इन पौधों को रोपा और भविष्य में इनकी उचित देखभाल व संरक्षण का संकल्प लिया।

- **समारोह के मुख्य वक्ता और उनके विचार**

पौधारोपण के पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित मुख्य पदाधिकारियों ने पर्यावरण के महत्व पर अपने विचार साझा किए:
प्राचार्य डॉ. गिर्राज सिंह मीणाः उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पौधे लगाना केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा कर्तव्य है। पर्यावरण संतुलित रहेगा तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा।
ठरर जिला नोडल अधिकारी डॉ. सोहराब शर्माः उन्होंने युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज में पर्यावरण चेतना जगाने के सबसे बड़े वाहक हैं।

# रात्रि चौपाल में जिला कलक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, त्वरित समाधान के दिए निर्देश




**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं प्रशासन को गांवों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पंचायत समिति मसूदा की ग्राम पंचायत बाड़ी में जिला कलक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों ने गांव में पेयजल संकट की समस्या प्रमुखता से उठाई। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए पानी के टैंकर संचालित करने के निर्देश दिए। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने निवेदन किया कि विद्यालय में बिजली का ट्रांसफार्मर चेंज किया जाए क्योंकि वर्तमान कनेक्शन से कम लोड मिल रहा है। जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को जनहित में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए।
इस दौरान ग्रामीणों ने वर्षों पुरानी गैर खातेदारी भूमि को खातेदारी में दर्ज करने की मांग भी रखी। इस संबंध में जिला कलक्टर ने बताया कि प्रकरण के कानूनी पहलुओं का परीक्षण किया जाएगा तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।
चौपाल में ग्रामवासियों ने सफाई व्यवस्था को लेकर भी अपनी समस्याएं रखीं। इस पर जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी, मसूदा एवं ग्राम विकास अधिकारी, बाड़ी को ग्राम में नियमित एवं प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# खान सर की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन, डीआईयू को सौंपी गई जिम्मेदारी - सूत्र

पटना।

खान सर की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं।उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि खान सर की गिरफ्तारी की जिम्मेदारी डीको सौंपी गई है। खान सर का असली नाम फैसल खान है। उन पर कोचिंग विवाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। कुछ दिन पहले खान सर की कोचिंग जीएस ग्लोबल स्टडीज के बाहर बवाल हुआ था। खान सर ने दावा किया था कि उनके कोचिंग के गार्ड के साथ मारपीट की गई है। उन्होंने शुरू में गोली चलने का भी दावा किया था, लेकिन बाद में वो इससे मुकर गए थे। पुलिस जांच



हुई तो इस मामले में खान सर का नाम आया। फिर एफआईआर दर्ज की गई और अब गिरफ्तार करने के लिए टीम का गठन किया गया है। खान सर के दोनों बॉडीगार्ड प्रदीप और तालेश्वर को गिरफ्तार किया जा चुका है। उन्होंने ही पूछताछ में पुलिस को ये बताया था कि फायरिंग उन्होंने खान सर के आदेश पर किया था। पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर खान सर ने मंगलवार की रात को फायरिंग की अफवाह क्यों फैलाई? खान सर ने यह क्यों कहा कि उनके सामने 8-10 राउंड फायरिंग हुई है? खान सर इस पूरे मामले को गंभीर बनाना चाहते थे? अगर खान सर यह नहीं कहते कि फायरिंग हुई है, तो शायद घटना की इतनी चर्चा नहीं होती। क्या चर्चा में बने रहने वाले खान सर ने यह बात इसीलिए कही? मंगलवार की रात जब पुलिसकर्मी और मीडिया के लोग खान सर की कोचिंग पर पहुंचे तो खान सर ने एक बार भी यह नहीं बताया कि उनके गार्ड ने भी हवाई फायरिंग की थी। आत्मरक्षा की दलील जो अब दी जा रही, वह बात पहले क्यों नहीं बताई? खान सर ने बुधवार को कहा कि वे सम्राट चौधरी की पुलिस को दस में से दस अंक देंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के हटने के बाद उन्हें उम्मीद नहीं थी, लेकिन सम्राट चौधरी की पुलिस ने बेहतरीन काम किया है। उन्होंने बार-बार सीएम सम्राट चौधरी और पुलिस की तारीफ की। अब यह सवाल उठ रहा है कि पुलिस की तारीफ के पीछे उनकी क्या मंशा थी? क्या उन्हें पता था कि उनके गार्ड के फायरिंग वाली बात सामने आएगी तो उन्हें परेशानी हो सकती है? ऐस में यह तारीफ उनके लिए कवच का काम करेगी? पुलिस का रवैया उनके लिए सॉफ्ट रहेगा?

# कोलवा थाना पुलिस दिखी एक्शन मोड़ में कुछ दिनों पहले भांवता गांव में पति जगदीश मीणा व उनकी धर्म पत्नी पर हुए हमले का एक आरोपी को कोलवा थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **जिसको आज न्यायालय में पेश किया वहां से उसे गहन पूछताछ के लिए तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया**

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा ।** कोलवा पुलिस थाना क्षेत्र में कुछ दिनों पहले भांवता गांव में पति- पत्नी पर हुए जानलेवा हमला के एक आरोपी को दस्तयाब कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने उस आरोपी से गहन पूछताछ के लिए तीन दिन का पुलिस रिमांड के लिए कोर्ट से मंजूरी दी गई । कोलवा थाना प्रभारी मनोहर लाल वर्मा ने बताया कि आरोपी रामदयाल मीणा (28 वर्ष) पुत्र रामेश्वर मीणा निवासी भांवता को सवाई माधोपुर के गढ़मोरा गांव से गिरफ्तार किया गया। जिसमें कोलवा थाना पुलिस को दौसा साइबर सेल व मुखबरों अन्य तकनीकी सहायता की मदद से आरोपी को पकडने में सफलता हासिल की गई।
एफआईआर दर्ज के अनुसार, करीब आधा दर्जन बदमाशों ने घर में घुसकर पति-पत्नी पर जानलेवा हमला किया था। इस हमले में पति जगदीश मीणा के सिर में गंभीर चोटें आईं और उनके दोनों पैर तोड़ दिए गए। उनका ईलाज जयपुर के जेएनयू अस्पताल में चल रहा है। पत्नी को भी कई जगह चोटें आई हैं, उनका भी ईलाज जारी है। कोलवा थाना पुलिस अब आरोपी रामदयाल से गहन पूछताछ कर पूरे मामले का खुलासा करने और अन्य आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास करेगी। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दौसा रढ पीयूष दीक्षित के निर्देशानुसार क्षेत्र में पुलिस की कई टीमें एक्टिव हैं । और अन्य आरोपी बचे उनको भी जल्दी ही गिरफ्तार किया जाएगा। गौरतलब है कि ग्रामीणों ने कोलवा थाने पर धरना प्रदर्शन कर पुलिस को आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए सात दिन का समय दिया था। उसके बाद कोलवा थाना प्रभारी ने एक्शन लिया और एक आरोपी रामदयाल मीणा पुत्र रामेश्वर मीणा निवासी भांवता को गिरफ्तार कर सफलता हासिल की गई

# चुनावी याचिकाएं समय पर नहीं निपटाई गईं तो भारत में आ जाएगी तानाशाही : मद्रास हाईकोर्ट

चेन्नई।

मद्रास हाईकोर्ट ने चुनावी याचिकाओं के निपटारे में होने वाली देरी पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि यदि ऐसे मामलों का समय पर फैसला नहीं हुआ तो यह लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर सकता है। अदालत ने यहां तक कहा कि अगर चुनाव याचिकाओं के शीघ्र निस्तारण को लेकर कानून में तय व्यवस्था का पालन नहीं किया गया तो भारत भी उन देशों की राह पर जा सकता है, जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था धीरे-धीरे कमजोर होकर निरंकुशता में बदल गई। यह टिप्पणी जस्टिस जी. जयचंद्रन ने 2016 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से जुड़े राधापुरम सीट विवाद पर फैसला सुनाते हुए की। अदालत ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में हुई छह साल की देरी पर भी सवाल उठाए और इसे न्याय व्यवस्था के लिए चिंताजनक बताया है। यह विवाद तमिलनाडु की राधापुरम विधानसभा सीट के 2016 चुनाव से जुड़ा है। इस चुनाव में एआईएडीएमके उम्मीदवार आईएस इनबदुरई ने डीएमके नेता एम. अप्पावु को महज 49 वोटों से हराया था। चुनाव परिणाम के बाद अप्पावु ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। उनका आरोप था कि उनके पक्ष में पड़े कई वैध डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) गलत तरीके से खारिज कर दिए गए। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के 19वें, 20वें और 21वें राउंड की मतगणना में भी अनियमितताएं हुईं। अक्टूबर 2019 में मद्रास हाईकोर्ट ने सभी डाक मतपत्रों की दोबारा जांच और कुछ राउंड की ईवीएम मतगणना की पुनर्गणना का आदेश दिया था।

# आर्मी चीफ ने वेटरन्स द्वारा किए गये सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की

चमकता राजस्थान

**अमित चावला /लखनऊ।** कुछ चुने हुए वेटरन्स को उनकी बेहतरीन सोशल सर्विस के लिए 4 जून को सूर्या कमांड इंस्टीट्यूट, लखनऊ में सम्मानित किया गया। यह एक गर्व और प्रेरणा देने वाला मौका था, जिसमें देश बनाने के लिए एक्स-सर्विसमेन के पक्के कमिटमेंट को दिखाया गया। इस इवेंट में चीफ ऑफ़ आर्मी स्टाफ़ जनरल उपेंद्र द्विवेदी पी वी एस एम, ए वी एस एम मौजूद थे। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, पी वी एस एम, यू वाई एस एम, ए वी एस एम, वाई एस एम, जीओसी-इन-चीफ सेंट्रल



कमांड, हेड क्वार्टर सेंट्रल कमांड के मौजूदा ऑफिसर्स और वेटरन्स और लेडीज़ की एक बड़ी भीड़ भी मौजूद थी।
वेटरन्स को मेमेंटो और कमेंडेशन कार्ड देते हुए जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उन वेटरन्स के बिना स्वार्थ के योगदान की तारीफ़ की, जो अपने शानदार मिलिट्री करियर के बाद भी लंबे समय तक समाज की सेवा करते रहते हैं। त्यागी विहार ए डब्ल्यू एच ओ कॉलोनी के सीनियर वेटरन कर्नल मणि मोहन घोष (87 साल के, जिन्होंने 65 और 71 की लड़ाइयों में हिस्सा लिया था)। आर्मी चीफ से तारीफ़ लेटर और यादगार चीज़ पाने वाले दूसरे 5 सम्मानित लोगों में से थे। यह माना गया कि शिक्षा, हेल्थकेयर, पर्यावरण बचाने, स्किल डेवलपमेंट और ज़रूरतमंद समुदायों की मदद जैसे सामाजिक कामों के ज़रिए, वेटरन्स ने अनगिनत नागरिकों की ज़िंदगी पर बड़ा असर डाला है।
सम्मान समारोह में उन लोगों को सम्मानित किया गया जिनका समर्पण, लीडरशिप और सेवा की भावना इंडियन आर्मी के मुख्य मूल्यों को दिखाती है। उनकी उपलब्धियाँ आर्मी के ''खुद से पहले सेवा'' के सिद्धांत का सबूत हैं और दिखाती हैं कि कैसे मिलिट्री मूल्य लड़ाई के मैदान के बाहर भी समाज पर अच्छा असर डाल सकते हैं।
इस इवेंट ने सेवारत कर्मचारियों और वेटरन्स के बीच बातचीत का मौका भी दिया, जिससे भाईचारा और आपसी सम्मान की भावना बढ़ी। समारोह आर्मी, वेटरन्स और जिन समुदायों की वे सेवा करते हैं, उनके बीच रिश्ते को मज़बूत करने के नए वादे के साथ खत्म हुआ।

# डीएमके आउट और टीवीके इन

## इंडिया गठबंधन में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं सीएम विजय



**नयी दिल्ली।**

द्रविड़ मुनेत्र कषगम के इंडिया गठबंधन से बाहर निकलने और 08 जून की बैठक का बहिष्कार करने के फैसले के बाद तमिलगा वेट्री कषगम गठबंधन में डीएमके की पार्टी की जगह ले सकती है और उम्मीद है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय इस अवसर का लाभ उठाकर राष्ट्रीय राजनीति में कदम रखें। टीवीके का कांग्रेस के साथ गठबंधन और मजबूत हो गया है, क्योंकि विजय ने अपने मंत्रिमंडल में दो मंत्री पद और एक राज्यसभा सीट देकर इसे और पुख्ता किया है जबकि वह(यह सीट अपनी पार्टी के लिए भी रख सकते थे)। अब उनकी रुचि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका निभाने में है। इससे पहले गुरुवार को कांग्रेस के तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडनकर ने सचिवालय में विजय से मुलाकात की थी। कहा जा रहा है कि विजय का इंडिया गठबंधन में प्रवेश और संभवतः द्रमुक के जाने से पैदा हुए खाली स्थान को भरना इस चर्चा का मुख्य विषय था। श्री विजय की उपस्थिति उनके विशाल जनाधार को देखते हुए गठबंधन को और अधिक मजबूती प्रदान कर सकती है, क्योंकि कांग्रेस और टीवीके दोनों का एक साझा लक्ष्य धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करना है।

### विजय से राहुल गांधी को भी मिलेगी ताकत

लोकसभा में 22 और राज्यसभा में 08 सांसदों वाले द्रमुक का गठबंधन से अलग होना एक अस्थायी झटका हो सकता है, लेकिन विजय का इंडिया गठबंधन में शामिल होना इसे 'स्टार पावर' और एक नया आकर्षण प्रदान करेगा। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार इससे राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने में काफी मदद मिलेगी। इसके अलावा श्री गांधी और श्री विजय के बीच का विशेष बंधन आने वाले लोकसभा चुनावों में राजनीतिक परिदृश्य को बदलने में सहायक सिद्ध होगा।

विजय पहले ही तमिलनाडु के राजनीतिक नक्शे को बदल चुके हैं, और उनकी पार्टी टीवीके का लक्ष्य उस धर्मनिरपेक्ष स्थान पर कब्जा करना है, जिस पर कभी डीएमके का दावा हुआ करता था। कांग्रेस का साथ होने से उनके पास भाजपा का मुकाबला करने के लिए आवश्यक धर्मनिरपेक्ष साख मौजूद है। द्रमुक के लिए अब ताक कांग्रेस ही वह पार्टी थी जिसने उसे धर्मनिरपेक्षता का आवरण प्रदान किया था। इसके अलावा श्री विजय का फिल्मी करिश्मा तमिलनाडु की सीमाओं से कहीं आगे तक फैला हुआ है। पड़ोसी राज्य केरल में उनके प्रशंसकों की विशाल संख्या है और कुछ हद तक आंध्र प्रदेश तथा कर्नाटक में भी उनके प्रशंसक मौजूद हैं। चुनावों के समय कांग्रेस के लिए यह स्थिति अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सकती है।





### नीट छात्रा के घर राहुल गांधी ने किया फोन

- **मां बोली- बेटी डॉक्टर बन जाती तो मेरा कर्ज उतर जाता**



**मऊगंज।** मऊगंज जिले की नईगढ़ी जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम मगनिया की रहने वाली आकांक्षा चतुर्वेदी की मौत ने एक बार फिर पूरे देश को झकझोर दिया है। राहुल गांधी ने आकांक्षा चतुर्वेदी को फोन करके सांत्वना दी बोले- मैं आपकी किसी प्रकार से सहायता कर सकता हूं तो बताइए। आकांक्षा की मां नीलम ने उत्तर दिया, आप तो खुद देश की रक्षा कर रहे हैं। मेरा जो गया, वह लौटकर नहीं आएगा। बेटी ही हमारा इकलौता सहारा थी, बे-टी ने अच्छे मार्क्स प्राप्त किए थे और वह डॉक्टर बनना चाहती थी। उसका कहना था कि अगर पेपर लीक न होता तो वह डॉक्टर बन जाती तो कर्ज उतर जाता। परिजनों के अनुसार समीक्षा बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना देखती थी। पिता की मेहनत और संघर्ष को देखते हुए वह दिन-रात पढ़ाई करती रही। नीट परीक्षा के लिए उसने कठिन परिश्रम किया और परीक्षा देकर लौटने के बाद अपने पिता के गले लगकर कहा था कि पापा, आपकी बेटी अब डॉक्टर बनेगी, मेरा पेपर बहुत अच्छा गया है। राहुल गांधी ने कहा, 'आपने अपनी पूरी मेहनत की। उसे लगा कि उसने आपको बर्बाद कर दिया।' आकांक्षा की मां ने बताया कि उनके पति का स्वास्थ्य भी ठीक नहीं है। इस बीच, आकांक्षा के बड़े पिता ने राहुल गांधी से कहा कि उन्हें ढाई लाख रुपए की सहायता मिल चुकी है।

### 'ये हार की हताशा बोल रही...

- **सीएम योगी के टोंटी वाले बयान के बीच बोले सपा चीफ अखिलेश यादव**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के दौरान टोंटी का जिक्र कर ऐसा बयान दिया, जिससे यूपी की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। अब सीएम योगी के इस बयान के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की प्रतिक्रिया सामने आई हैं। हालांकि सपा चीफ ने किसी का नाम नहीं लिया है लेकिन उनका यह बयान सीएम योगी के बयान से जोड़कर ही देखा जा रहा है। सपा चीफ अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- 'लत से गलत की ओरङ्खवनस्पति विवेक छीन लेती है और निर्दोष लोगों की हत्याओं का खौफ रातों की नींद। नहीं तो पूरे होश में इतने ऊँचे पद पर बैठकर इतना निकृष्ट बयान कोई नहीं देता है। कुछ लोग अपनी असफलता के लिए दूसरों को दोषी ठहराते हैं, ये हार की हताशा बोल रही है क्योंकि कुदरत का बुलडोजर अब घूम गया है।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में कहा था कि हम देखते हैं कि, हमने हर घर नल योजना को आगे बढ़ाया,पता लगा कोई टोंटी चोरी कर रहा है। कोई अन्य प्रकार से उसे नुकसान पहुंचा रहा है। हमारा दायित्व है कि कोई हम अगर कोई व्यक्ति चोरी कर रहा है, टोंटी खोलकर जा रहा है, उसे टोकें।



### 'मैं बीजेपी का हूं या एक तमिलियन... दुविधा में था'

## इस्तीफा देते ही अन्नामलाई का तमिलनाडु में नया दल बनाने का एलान




**चेन्नई।**

भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा देने के बाद अन्नामलाई ने नई पार्टी बनाने का एलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज हम एक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। हमारी राजनीतिक पार्टी तमिलनाडु में अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी। अन्नामलाई ने मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपा था। इसके बाद वह अमित शाह और दूसरे बड़े नेताओं से भी मिले थे। दावा है कि शाह ने अन्नामलाई को मनाने की कोशिश की थी, लेकिन बात नहीं बनी। ऐसे में शुक्रवार को उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया गया। इस्तीफा मंजूर किए जाने के बाद अन्नामलाई ने कहा, 'मेरे लिए यह तय करना मुश्किल था कि मैं बीजेपी का सदस्य हूं या तमिल। मैंने 4 दिसंबर 2025 को पार्टी को बताया था कि मैं इस्तीफा देना चाहता हूं। लेकिन पार्टी ने मुझसे कहा कि पहले चुनाव पूरे कर लूं और फिर जाऊं।' अन्नामलाई ने कहा, 'बीजेपी में रहते हुए मैंने तमिलनाडु की पहचान, संस्कृति और पानी के अधिकारों समेत किसी भी अधिकार से कभी समझौता नहीं किया। हमारे आंदोलन का आधार ही ऐसा होना चा-हए जिसमें नया आयाम और नया नजरिया हो।' उन्होंने आगे कहा, 'आज से एक नया रास्ता, एक नया आंदोलन, एक नई राजनीतिक मुहिम शुरू हो रही है। एक नई तरह की राजनीति शुरू करने के लिए मैंने सम्मानजनक तरीके से बीजेपी छोड़ी है। लक्ष्य बड़े हैं, ज्यादा लोगों को साथ लेकर चलना होगा।'

# राहुल की लोगों से अंडमान-निकोबार बचाने के अपने अभियान से जुड़ने की अपील

**नयी दिल्ली।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ग्रेट निकोबार परियोजना का विरोध करते हुए देशवासियों से अंडमान-निकोबार द्वीप समूह को बचाने के उनके अभियान से जुड़ने और याचिका पर हस्ताक्षर करने की अपील की है। श्री गांधी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'मैं अंडमान और निकोबार के विनाश के खिलाफ पूरी शक्ति के साथ खड़ा हूं। अंडमान और निकोबार भारत की सबसे अनमोल प्राकृतिक धरोहर हैं। वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी रक्षा करना मेरा कर्तव्य है।' उन्होंने देश के नागरिकों से इस अभियान में जुड़ने के लिए अपील करते हुए कहा,' मेरे साथ जुड़िए, याचिका पर हस्ताक्षर कीजिए और इस अमूल्य संपत्ति को बचाने की लड़ाई का हिस्सा बनिए।' कांग्रेस नेता ने कहा कि अंडमान-निकोबार की प्राकृतिक धरोहर, जैव विविधता और पर्यावरणीय संतुलन की रक्षा के लिए जनभागीदारी आवश्यक है और इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अभियान का पोस्टर भी पोस्ट किया जिसमें लिखा है 'मैं राहुल गांधी, ग्रेट निकोबार द्वीप समूह के विनाश के खिलाफ हूं। मैं 'ग्रीन ओवर ग्रीड' पहल का समर्थन करता हूं और इस आ''ान में अपना नाम जोड़ता हूं। निकोबार मायने रखता है। अभियान से जुड़े।'



### राहुल ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा

एक्स पर एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, 'इस विश्व पर्यावरण दिवस पर, मैं हर युवा भारतीय से एक सवाल पूछना चाहता हूँ - आप किस तरह का भारत विरासत में पाना चाहते हैं? एक ऐसा भारत जहाँ कैसीनो बनाने के लिए वर्षावनों को बुलडोजर से नष्ट कर दिया गया हो, मानचित्रों से मिट गए हों, आदिवासी समुदायों को उनकी ज़मीन से बेदखल कर दिया गया हो, और जिस हवा में हम सांस लेते हैं वह ज़हर बन गई हो? या एक ऐसा भारत जहाँ भारत की प्राकृतिक विरासत संरक्षित हो, हमारे आदिवासी समुदाय सुरक्षित हों, और प्रगति प्रकृति के साथ मिलकर काम करे, न कि उसके विरुद्ध।'



# बजट बनाएं



अगर आप इस महंगाई के जमाने में सुरक्षित रहना चाहती हैं, तो सबसे पहला कदम है रोजाना के खर्च में से थोड़ी बचत कैसे की जाए, इसके कई तरीके हैं-

**खुद पर कम खर्च करें**

यदि आप सा स्पा और पार्लर में जाती है वहां अपनाई गई थैरेपीज आपके तनाव को कम कर देंगी, लेकिन बचत पर हावी हो जाएंगी। सच तो यह है संतुलित बजट बनाकर खर्च करने से आप तनाव मुक्त तो होगी ही साथ में बचत भी कर लेगी।

**नियम बनाएं**

अपनी महंगी लतों को कम करें। अगर आप स्मोकिंग करती हैं, तो इसे तुरंत छोड़ दें। इससे न केवल आपकी बचत होगी बल्कि आपकी सेहत को भी फायदा होगा। जंक फूड और रोजाना चॉकलेट खाने की आदत को भी कम करें।

**कर्ज न रखें**

अपने सभी बिल समय पर जमा करवाएं। किसी भी स्टोर का उधार न रखें। इससे आप नुकसान भुगतेंगी।

**खर्चे पर ध्यान रखें**

कई बार जिम न जाते हुए भी दो-तीन महीने तक हम फीस भरते रहते हैं। इसी तरह मैगजीन्स आदि की मैम्बरशिप लेने के बाद हम उन्हें पढ़ना भूल जाते हैं और बेकार में पैसा जमा करवाते रहते हैं।

**फिजूल खर्च न करें**

अगर जल्दबाजी में आप कोई ऐसी चीज खरीद लाई हैं, जो आपके किसी काम की नहीं, तो तुरंत उसे रिफंड करें। लेकिन उसकी रसीद संभाल कर रखें।



# नन्हे की भाषा

**जन्म के बाद जब मां पहली बार बच्चे को फीड करा रही होती है, तो उस समय से बच्चा अपनी मां का चेहरा, उसकी आवाज उसके शरीर की गंध, उसका स्पर्श और दूध का स्वाद पहचान रहा होता है।**


जन्म के बाद शिशु का परिचय एक अनजानी दुनिया से होता है। जहां उसे हर पल सब कुछ नया महसूस होता है। उसे पहली बार स्पर्श, गंध, स्वाद, ध्वनि और दृष्टि का अनुभव होता है। वह अपने आसपास की सभी गतिविधियों और वस्तुओं को बड़े ध्यान से देखने, पहचानने और समझने की कोशिश करता है। हर बच्चे के बौद्धिक विकास की यह प्रक्रिया दूसरे बच्चे से अलग होती है।

**पहला साल**

जन्म के बाद जब मां पहली बार बच्चे को फीड करा रही होती है, तो उस समय से बच्चा अपनी मां का चेहरा, उसकी आवाज उसके शरीर की गंध, उसका स्पर्श और दूध का स्वाद पहचान रहा होता है। वह जो महसूस कर रहा है, उसे अभिव्यक्त करना सीखने में उसे समय लगता है। नवजात अपने हर पल की छोटी-छोटी गतिविधियों पर दूसरों का ध्यान और प्रोत्साहन चाहता है। बच्चे अपने आसपास जो कुछ भी सुनते या देखते हैं, उसे पहचान कर याद रखने की कोशिश करते हैं और उन्हीं अनुभवों की एक तस्वीर उनके दिमाग में बन जाती है।

जन्म के पहले साल में बच्चों में बहुत तेजी से बदलाव आता है। बच्चे की उम्र का पहला साल उसके मस्तिष्क के विकास का सबसे महत्वपूर्ण समय माना जाता है। अगर आपके घर का माहौल तनावपूर्ण है, तो इसका बच्चे के विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसा माहौल न बने इसके लिए कोशिश करने के साथ बच्चे के साथ बड़ों को खूब बातें करनी चाहिए। उनके साथ खेलना चाहिए और उन्हें उनकी पांचों ज्ञानेद्रियों को विकसित करने के लिए उत्साहित भी करना चाहिए।

तीन माह की अवस्था में बच्चे की मांसपेशियों में गति आ जाती है, पांचवें महीने में सुनने की शक्ति पूरी तरह विकसित हो जाती है और सातवें महीने में बच्चे को स्वाद की पूरी अनुभूति होने लगती है। आठवें महीने में उसकी आंखों की पुतलियों के बीच समन्वय स्थापित हो जाता है और वह अपनी नजरें चारों ओर घुमाकर अच्छी तरह देखना सीख जाता है। उसकी त्वचा का हर हिस्सा दबाव, दर्द और सर्दी-गर्मी को महसूस करने लगता है। बच्चे के मस्तिष्क के खास हिस्से सेरिब्रल कोटेक्स का विकास भी उसकी पांचों ज्ञानेंद्रियों पर निर्भर करता है।



**भाती है मीठी बोली**

जन्म के बाद पहले दो महीने में बच्चा आपकी आवाज और आपके बोलने के तरीके को अच्छी तरह समझने लगता है। शायद आपको बोलने के तरीके को अच्छी तरह समझने लगता है। शायद आपको यह जानकार ताज्जुब होगा कि जन्म के बाद पहले ही दिन से बच्चा एक स्त्री और पुरूष की आवाज सुनना पसंद नहीं करता। इसलिए उसे संगीत सुनाना और मुंह से अलग-अलग तरह की आवाजें निकाल कर उसके साथ खेलना उसके लिए फायदेमंद साबित होता है। अगर आप आवाज की बात करें, तो बच्चा मधुर और धीमी आवाजों को सुनना पसंद करता है न कि तेज और कर्कश ध्वनियों को। उम्र के विकास के साथ बच्चा अलग-अलग तरह की आवाजों में फर्क करना सीखता है। वह कुछ ध्वनियों के अर्थ समझ लेता है और जब वह ध्वनि सुनता है, तो उसके साथ किसी शब्द को जोड़ लेता है। संगीत और अच्छी ध्वनी बच्चे के जीवन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। छोटे से झुनझुने की आवाज भी बच्चे की देखने और सुनने की क्षमता में समन्वय स्थापित करने में सहायता करती है। बच्चे के साथ खेलते समय उसे अलग-अलग तरीके की आवाजे सुनाएं।

**स्पर्श की अनुभूति**

शिशु अपनी ज्ञानेंद्रियों से जो कुछ भी महसूस करता है, उसमें से उसे स्पर्श का अनुभव सबसे पहले होना शुरू हो जाता है क्योंकि जन्म के बाद पहले ही दिन से बच्चा अपनी मां के स्पर्श को पहचानना और अनुभव करना सीख जाता है। तीन-चार माह की उम्र से बच्चा चीजों को पकड़ने, छूने और उन्हें अपने मुंह में डालने की कोशिश करता है। सात-आठ महीने के बाद जब बच्चे के दांत निकलने लगते हैं, तो उसके मसूढ़ों में खुजली महसूस होने लगती है। इस उम्र में बच्चों को जो भी चीज देखने में अच्छी लगती है वे अपने हाथों से छूकर पकड़ने और चबाने की कोशिश करते हैं, लेकिन जब कोई वस्तु उसकी पहुंत से दूर होती है और वे उसे पकड़ नहीं पाते तो उनके मन में बहुत खीझ पैदा होती है। इस उम्र में बच्चों को किसी खास तरह के स्पर्श से इतना अधिक लगाव होता है कि अगर कुछ समय तक उन्हें वह स्पर्श न महसूस हो तो वे उसकी कमी महसूस करने लगते हैं। उदाहरण के लिए कुछ बच्चे अपने किसी खास सॉफ्ट टॉय को साथ लेकर सोना पसंद करते है, तो कुछ अपने तकिए से जुदा नहीं होना चाहते।

**मुस्कान कुछ कहती है**

छोटे बच्चे जो कुछ भी महसूस करते हैं उसे अभिव्यक्त कर पाने में अक्षम होते हैं लेकिन उनमें बड़ों की भाषा और उनका व्यवहार समझने की अपनी अलग ही क्षमता होती है। जब आप अपने शिशु को देखकर मुस्कराती हैं, तो वह भी आपको देखकर मुस्कराता है। उसकी मुस्कान ही आपके साथ बातचीत करने का माध्यम होती है।

उम्र के पहले साल में आप अपने बच्चे के साथ धीरे-धीरे बातें करें, उसे लोरी गाकर सुनाएं, उसे नहलाते और खिलाते समय उससे खूब बातें करें, उसे छोटी-छोटी कहानियां सुनाएं और उसकी प्रतिक्रिया का इंतजार करें। ऐसा करना उसकी भाषा के विकास में काफी फायदेमंद होगा।

# चेहरा खिला-खिला

**चेहरे का सारा आकर्षण गालों की कोमलता और सुंदरता पर निर्भर करता है।**

चेहरे का सारा आकर्षण गालों की कोमलता और सुंदरता पर निर्भर करता है। हंसते समय गालों पर डिंपल पड़ते हो तो क्या कहना। यदि आपके गाल चिकने, मुलायम और सुडौल हों तो उनकी उचित देखभाल की आवश्यकता होती है। उचित देखभाल के अभाव में गाल अपना आकर्षण खोने लगते हैं।

- चुकंदर को पीसकर उसका पैक गालों पर लगाएं। आधे घंटे बाद चेहरा ताजे पानी से धो लें। रोजाना कुछ दिनों तक यह प्रयोग करने से गाल गुलाब की तरह खिल उठेंगे।
- गुलाब की पत्तियों को दूध में पीसकर गालों पर रोजाना लगाएं। थोड़ी देर बाद धो लें। ४-५ दिनों में ही चेहरे की रंगत गुलाबी हो जाएगी।
- प्रतिदिन सुबह शाम रूई के फाहे में कच्चा दूध लेकर गालों को साफ करें। इससे गालों में अनोखी चमक आती है।
- अंडे की जर्दी को अच्छी तरह फेंटकर चेहरे पर लगाएं। २० मिनट बाद चेहरा धो लें। गाल गुलाबी आभा से युक्त दिखाई देंगे।
- चेहरे का सौंदर्य और उसकी लालिमा बनाए रखने के लिए उन पर नियमित गुलाब की ताजी पंखुड़ियां मल सकते हैं।
- गालों पर हथेली टिकाकर न बैठें, इससे गालों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। गाल अपना सौंदर्य खो बैठते हैं।
- सुडौलता के लिए मुंह में हवा भरकर गाल फुलाएं। धीरे-धीरे हवा बाहर निकालें। यह क्रिया १०-१२ बार करें।
- गालों पर तोज साबुन न लगाएं। उन्हें कड़े टॉवल से तेजी से न रगड़ें।
- दूसरे के तौलिए, साबुन व सौंदर्य प्रसाधन का इस्तेमाल न करें।
- किसी प्रकार की चीज मुंह में एक ओर दबाकर न रखें।
- मुंह में उंगली फंसाकर गालों को कदापि न खींचें। इससे भी गालों का सौंदर्य बिगड़ जाता है।
- गालों पर सस्ते घटिया किस्म के सौंदर्य प्रसाधन का इस्तेमाल न करें। इससे गालों का सौंदर्य नष्ट हो जाता है।
- चेहरे पर तनाव न आने दें। हमेशा खुश रहें। चेहरा खिला-खिला रहेगा।



# गुणों से भरपूर अंगूर

# हेल्थ प्लस

अंगूर पौष्टिक, स्वादिष्ट और रक्तशोधक फल होता है। शारीरिक रूप से निर्बल लोगों के लिए अंगूर वरदान है। स्वस्थ स्त्री-पुरूष भी अगर अंगूर खाते हैं, तो उनमें शक्ति का विकास होता है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार अंगूर अनेक रोगों को नष्ट करता है। संस्कृत में अंगूर को 'द्राक्षा' कहा जाता है।

महर्षि चरक के मतानुसार अंगूर मे तृष्णा, ज्वर, श्वास, रक्तपित्त, क्षय, उदावर्त, स्वरभंग, उल्टी, सूजन, पीलिया, वातरक्त तथा वायु को नष्ट करने की क्षमता होती है। अंगूर के खाने से सभी स्त्री-पुरूष और बच्चों को भरपूर शक्ति मिलती है। किसी रोग से निर्बल हुए व्यक्ति के लिए तो अंगूर अत्यंत गुणकारी है, क्योंकि इसका पाचन भी शीघ्र ही हो जाता है। शारीरिक रूप से निर्बल स्त्री-पुरूष को थोड़े-थोड़े अंगूर खाने चाहिए, क्योंकि अधिक खा लेने से अतिसार (दस्त) होने का भय रहता है।

अंगूर अधिक विरेचक फल होता है। गर्भावस्था में युवतियां अंगूर का खूब उपयोग कर सकती है। इससे काफी शक्ति मिलती है। अंगूरों के सेवन से रक्ताल्पता (एनीमिया) में बहुत लाभ होता है। अंगूर गाढ़े रक्त को पतला करके शरीर के सभी अंगों में पहुंचाता है। इससे सभी मांसपेशियों को पर्याप्त रक्त मिलता है।

द्राक्ष में लौह की मात्रा कम होने पर भी पाण्डु रोग में यह बहुत ही उपयोगी है। इसमें अवस्थित मैलिक एसिड, साइट्रिक एसिड और टार्टारिक एसिड जैसे तत्त्व रक्त शुद्धि करते हैं। रक्त शोधक गुण के कारण अंगूर त्वचा के अनेक रोगों को दूर करके त्वचा को कोमल एवं सुंदर बनाता है। इसके सेवन से फोड़े-फुंसियों से मुक्ति मिलती है।

अंगूर के सेवन से वक्षस्थल के अनेक रोग नष्ट होते हैं। अंगूर सुपाच्य और रक्तवर्द्धक होने के साथ ही शीतवीर्य भी होता है। इस गुण के कारण अंगूर पित्त को भी शांत करता है। अंगूर मस्तिष्क को शीतलता प्रदान करता है तथा स्मरण शक्ति भी तेज बनाता है। अंगूर से नेत्रों को भी लाभ मिलता है। अंगूर के सेवन से स्त्रियों के सौंदर्य एवं आकर्षण में वृद्धि होती है।

विशेष रूप से दुबली-पतली व शारीरिक रूप से निर्बल लड़कियां अगर अंगूर का सेवन करती हैं तो उनके शरीर में रक्त के विकास से चेहरे पर लालिमा आ जाती है। प्रसव के बाद अंगूर का सेवन करने से गर्भावस्था की निर्बलता और रक्त की कमी नष्ट होती है। अजीर्ण, अग्निमाद्य और भोजन में अरूचि होने के स्थिति में अंगूरों के सेवन से पाचन किया तीव्र होकर भूख लगती है। अंगूरों (द्राक्षा) को सुखाकर बनाए गए मुनक्का को हल्का गर्म करके काला नमक और मिर्च लगाकर खाने से भूख बढ़ती है।



अमरीका की सुप्रसिद्ध चिकित्सक जोहाना ब्राण्ट ने अपनी पुस्तक 'दि ग्रेप क्योर' में लिखा है कि अंगूर के रस से मात्र डेढ़ माह में ही 'द्राक्षाकल्प' के माध्यम से आमाशय कैंसर के रोगी को रोगमुक्त करने में सफलता प्राप्त हुई। ५० ग्राम मुनक्का को जल में डालकर रात में रख दें। सुबह उठकर उन्हें थोड़ा-सा मसलकर नमक डालकर खाने से उदर संबंधी अनेक विकार दूर होते हैं। पुरूषों में वीर्य शक्ति के साथ ही स्तम्भन शक्ति भी बढ़ती है।

दस ग्राम मुनक्का को दूध में उबालकर पीने से कब्ज नष्ट होता है। बार-बार चक्कर आने पर २० ग्राम मुनक्का को घी में भूनकर हल्का-सा सेंधा नमक मिलाकर खाने से लाभ होता है।

मधुमेह रोगियों को अंगूर नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इसमें शर्करा की मात्रा अधिक होती है। ज्वर की अवस्था में भी अंगूर नहीं रोगी को अतिसार का रोगी भी बना सकता है। अंगूर के बेल की मोटी लकड़ी को जलाकर इस्तेमाल करने से वायु विकार नष्ट होते हैं। मूत्राशय की जलन और अवरोध भी नष्ट होता है। संधिशूल और अंडकोश की सूजन भी नष्ट होती है। स्त्रियों में ऋतुस्त्राव की अनेक विकृतियां भी इससे दूर हो जाती है। अंगूर के पत्ते, बेल, छाल आदि सभी गुणकारी होते हैं। बेल के पत्ते से अर्श (बवासीर) में बहुत लाभ मिलता है। बसंत के मौसम में बेल को काटने से जो रस निकलता है, उसे त्वचा पर लगाने से बहुत लाभ मिलता है।

# कैसे बढ़ता है कैंसर

कोशिकाओं में ऊर्जा उत्पादन के लिए ग्लूकोज का उपयोग करने के दो तरीके हैं। एक में ऑक्सीजन का उपयोग होता है और भरपूर ऊर्जा पैदा होती है। दूसरे तरीके में ऑक्सीजन का उपयोग नहीं होता और ऊर्जा भी कम पैदा होती है। हाल के अनुसंधान से पता चला है कि कैंसर कोशिकाएं इस दूसरे अकार्यक्षम तरीके का उपयोग करती हैं। इसके लिए वे एक ऐसे एंजाइम को पुनः जागृत कर लेती हैं, जो आम तौर पर भ्रूणावस्था में सक्रिय होता है तथा बाद में निष्क्रिय पड़ा रहता है।

आमतौर पर हमारे शरीर की कोशिकाओं में ग्लूकोज के दहन का यह काम कोशिका के एक विशेष उपांग माइटोकॉण्ड्रिया में किया जाता है। सामान्य कोशिकाएं ग्लूकोज का उपयोग नई कोशिका के निर्माण के लिए पदार्थ (जैसे वसा या डीएनए) बनाने में नहीं करती। मगर कैंसर कोशिकाएं उल्टा काम करती है। वे ग्लूकोज प्राप्त होने पर ऊर्जा तो प्राप्त करती है मगर उसका ज्यादा उपयोग नई कोशिकाओं के लिए जरूरी है कि इसके लिए कोई एंजाइम मौजूद हो। अब हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के लुइम कैटली और उनके सहयोगियों ने इस एंजाइम का पता लगा लिया है-इसका नाम है पीकेएम-२ और यह वयस्क एंजाइम पीएमके-१ का भ्रूण रूप है।

कैंसर कोशिकाओं में यह पीएमके-२ पदार्थों के विघटन को रोक देता है। इस प्रकार से नई कोशिकाओं के निर्माण के लिए पदार्थ उपलाब्ध हो जाते हैं। कैंसर कोशिकाओं की यही तो विशेषता होती है- वे लगातार अनियंत्रित ढंग से नई कोशिकाएं बनाती चली जाती है। दरअसल कैंसर कोशिकाओं की इस विचित्रता को आज से करीब ८० साल पहले एक रसायन शास्त्री ओटो वार्बर्ग ने पहचाना था।

उन्होंने देखा था कि सामान्य कोशिकाओं के विपरीत कैंसर कोशिकाएं ऊर्जा उत्पादन का काम एक अकार्यक्षम तरीके ग्लायकोलिसिस के जरिए करती हैं। इस प्रक्रिया में ऑक्सीजन का उपयोग नहीं होता (आम कोशिकाएं ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में कभी-कभार ग्लायकोलिसिस का उपयोग करती हैं मगर कैंसर कोशिकाएं पर्याप्त ऑक्सीजन होने पर भी इसी तरीके का उपयोग करती हैं)।

वार्बर्ग का मत था कि यही फेरबदल कैंसर की शुरूआत करता है। अलबत्ता, इस वार्बर्ग प्रभाव को उस समय अनदेखा कर दिया गया था। अधिकांश लोगों का मत था कि वार्बर्ग प्रभाव कैंसर का कारण नहीं हैं बल्कि कैंसर का परिणाम है, मगर पिछले साल एक दवा विकसित की गई थी- डाईक्लोरोएसिटेट। यह दवा देने पर कोशिका का ऊर्जा उत्पादन वापिस सामान्य रूपसे माइटोकॉण्ड्रिया में होने लगता है। इससे चूहों में कैंसर को पलटने में मदद मिली है। अब डाईक्लोरोएसिटेट के इंसानी परीक्षण चल रहे हैं।

# फल-सब्जियां खाएं मोटापा घटाएं

मोटापे से परेशान लोगों को सब्जियां और फल ज्यादा खाना चाहिए, क्योंकि इनमें प्रचुर मात्रा में पानी और फाइबर पाया जाता है। इससे पेट भी जल्दी भर जाता है और शरीर में कैलॉरी भी ज्यादा नहीं जा पाती। जबकि चीज, फ्रेंच फ्राइज, छोले-भटूरे, बर्गर, सैंडविच, समोसा, कचौरी और लती-भुनी चीजों की थोड़ी सी भी मात्रा लेने से शरीर को बहुत ज्यादा कैलॉरी मिलती है। डॉ. बारबरा रोल्स ने २० बर्षों तक मेयोक्लिनिक (अमरीका) में भोजन की मात्रा और मोटापे पर अध्ययन किया। अध्ययन में शामिल लोग जब उनकी 'वाल्यूमैट्रिक्स लैब' में भोजन कर रहे होते हैं तब वे चुपके से उनकी फिल्म उतार लेती है। बाद में अध्ययन कर निष्कर्ष निकालती है कि खान-पान में शामिल किन वस्तुओं का भूख और वेट लॉस पर क्या प्रभाव पड़ता है।

बारबरा के अनुसार साग-सब्जियां और फल ज्यादा खाने वालों का वजन घटता है। अतः अपना वजन घटाना है, तो फल-सब्जियां ज्यादा खाइए और तली-भुनी चीजों पर कंट्रोल करिए।

# स्वास्थ्य के लिए उपयोगी मालिश


सामान्य स्वास्थ्य वाले व्यक्ति के लिए मालिश शरीर में संजीवनी का संचार कर देती है जबकि साधारण रोग वाले व्यक्ति को मालिश से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। उसका रोग शांत होता है, शरीर को शक्ति मिलती है। रोगों से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा शक्ति में वृद्धि होती है।

- मालिश आमतौर पर सरसों के तेल से ही करते हैं मगर देसी घी, जैतून का तेल तथा बादाम रोगन उपलब्ध कर पाएं तो कभी-कभी इनमें से किसी एक की मालिश करें। अधिक लाभ होगा।
- मालिश करने से शरीर में गर्मी पैदा होती है जिससे रक्त पूरे शरीर में तीव्रता से दौरा करने लगता है।
- जब रक्त का दौरा तेज होगा तो रक्त में तथा शरीर में मौजूद गंदगी, पसीना कार्बन डाईऑक्साइड के रूप में बाहर निकल जाती है। इससे शरीर को बल मिलता है।
- मालिश त्वचा तथा चेहरे के रंग में निखार लाकर सुन्दर कांति प्रदान करती है।
- प्रतिदिन मालिश करने वाले को कभी कब्ज नहीं होती। पाचन शक्ति में तेजी आती है।
- सिर की मालिश से मस्तिष्क तेज हो जाता है।
- लगातार दिन में तीन बार मालिश करने से अंगों का विकास सामान्य हो सकता है। इसमें मछली का तेल अधिक लाभदायक है।
- चोट लगने पर मालिश करने से सूजन नहीं रहती।
- मालिश में असावधानी करना लाभ की जगह हानि करता है।
- तेल को दही या लस्सी में डालकर मालिश करना भी उपयोगी है।
- पेट में विकार या श्वास रोग में मालिश न करें।
- मालिश के तुरन्त बाद शरीर को ढांप लें। अधिक हवा न लगने दें। मालिश करने के तुरन्त बाद स्नान कभी न करें। तीस मिनट का गैप दें।

# खून की खतरनाक बीमारी

पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलने वाली रक्तजनित यह विकृति (जी-६ पीडी डेफीसिएंसी) पूर्णतया आनुवंशिक रोग है, जिसके कारक (जिंस) मनुष्य के सैक्स-क्रामोजोम एक्स (एक्स-गुणसूत्र) पर पाए जाते हैं। यानि यह विकृति मादा-गुणसूत्र से एक से दूसरी पीढ़ी में वंशागत होती है।

ग्लूकोज-६ फॉस्फेट डिहाइड्रोजिनेज अथवा जी-६ पीडी खून की लाल रक्त कोशिकाओं (आर.बी.सी) में पाए जाने वाला यह एन्जाइम है, जो ऑक्सीजन के अभाव में ग्लूकोज (शर्करा) का उपापचय कर इन्हें निरन्तर ऊर्जा प्रदान कराता है। वहीं यह इन कोशिकाओं को विषैले पदार्थों द्वारा होने वाली क्षति एवं टूट-फूट से बचाता एवं सुरक्षा प्रदान करता है। परन्तु इसकी जब कमी होती है, तो ये कोशिकाएं रक्त वाहिनियों में क्षतिग्रस्त व टूटने लग जाती हैं। परिणामस्वरूप इनमें मौजूद हीमोग्लोबिन (Hb)वर्णक प्लाज्मा में निकल आता है। इसे ''हीमोलायटिक एनीमिया'' नाम से जाना जाता है। इसमें व्यक्ति के जान जाने का अक्सर खतरा रहता है। ऐसे व्यक्तियों को मलेरिया रोधक औषधियां देने पर तथा उनके भोजन में सेम के बीज व ज्वार-बाजरा होने पर यह विकृति (हीमोलायटिक एनीमिया) और तेज पनप जाती है जिसके कारण प्रायः मृत्यु हो जाती है।




**व्यापकता**

जी-६-पीडी डेफीसिएंसी विकृति प्रमुख रूप से उन लोगों में पाई जाती है जो मलेरियाई क्षेत्रों में बसे हैं। मनुष्य के जैव-विकास के दौरान मलेरिया रोग से बचाव के लिए ही यह जटिल विकृति विकसित हुई है। जिन लोगों में यह विकृति पाई जाती है, उन्हें मलेरिया रोग नहीं हो पाता है। यह विकृति प्रमुख रूप से दो स्वरूपों 'ए' व 'बी' में व्याप्त है। इनमें से 'बी' अत्यधिक खतरनाक होती है। इसके रोगी सबसे अधिक अफ्रीकी देशों में पाए जाते हैं। दुनिया में लगभग सौ मीलियन लोग इस विकृति से ग्रसित हैं। भारत की विभिन्न आदिवासी जातियों में इसके जीन (कारक) २० से ४८ प्रतिशत आज भी मौजूद हैं।

**लक्षण**

आमतौर पर इससे ग्रसित व्यक्ति सामान्य जीवन जीते हैं तथा इनमें कोई विशेष लक्षण भी प्रकट नहीं होते हैं, परन्तु जब भी इन्हें मलेरिया रोधक औषधियां अथवा सेम के बीज या ज्वार बाजरा युक्त भोजन देने पर इनके खून का हीमोलायसिस (हीमोग्लोबिन का टूटना) होना शुरू हो जाता है, जिससे व्यक्ति के पैशाब में खून आने लगता है तथा ये एनीमिया से पीड़ित हो जाता है। इस दौरान व्यक्ति का लीवर एवं स्पलीन भी बढ़ जाते हैं तथा पीलिया के लक्षण प्रगट होने लग जाते हैं।

**निदान**

लक्षणों के आधार पर इस विकृति के होने का पूर्वानुमान हो जाता है। फिर भी इलेक्ट्रोफोरेसिस तकनीक एवं मैथ्हीमोग्लोबिन टैस्ट द्वारा रक्त परीक्षण करने पर इस विकृति की पहचान आसानी से हो जाती है।

**बचाव**

उक्त लक्षण दिखाई देने पर एंटीमलेरिया ड्रग्स एवं विषैले भोज्य पदार्थ तुरन्त बन्द कर देना चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर स्वस्थ खून चढ़ाना अधिक फायदेमन्द होता है तथा रोगी को मरने से बचाया जा सकता है।

**सावधानी**

मलेरियाई क्षेत्रों में बसे लोगों (आदिवासियों) को बिना अनुभवी चिकित्सक के परामर्श एवं देखरेख में किसी प्रकार की मलेरिया रोधक औषधि नहीं देनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस द्वारा किया गया वृक्षारोपण




**चमकता राजस्थान/अमित कुमार/ लखनऊ।** एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस लखनऊ डिवीजन के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर एक पेड़ मां के नाम मुहिम में स्थानीय शाखा पदाधिकारी गण के द्वारा बड़ी संख्या में कैंप कार्यालय परिसर में फलदार वृक्षों एवं बड़े पेड़ झाड़नुमा फूल के पेड़ों/पौधों का रोपण किया गया। आम नीम बेल आंवला अमरूद जामुन बैगनबलिया गुलाब आदि तमाम प्रकार के फूलों के पेड़ एवं पौधे लगाए गए।

लोको रनिंग शाखा की तरफ से 21 ऐशबाग आउटडोर की तरफ से 11 लखनऊ जंक्शन शाखा की तरफ से 05 तथा व्यक्तिगत तौर पर पदाधिकारी गण द्वारा कई पौधे लगाए गए । कैंप कार्यालय के परिसर में स्थानीय पदाधिकारी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण कर एक पेड़ मां के नाम मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस अवसर पर मंडल मंत्री राकेश चंद्र वर्मा की अगुवाई में इवेंद्र नागवंशी विनय कुमार , सुधीर खरे, जयप्रकाश कुशवाहा, जितेंद्र कुमार स्थानीय शाखाओं से ओमप्रकाश ,रामकृष्ण, दीपू पाल, मनदीप यादव, ज्ञानेश्वर यादव, दयाशंकर तिवारी, लाल जी विश्वकर्मा, हीरालाल कुशवाहा, दीपक गुप्ता, अनिल भारती ,प्रफुल्ल कुमार ,महेंद्र पाल चौधरी, रामखेलावन मोनिका गौतम, प्रदीप सैनी सूर्य प्रकाश जायसवाल, मुकेश सोनवानी, आनंद नगर से संदीप कुमार ,विवेकानंद गौतम, मनकापुर से बिजेंद्र सिंह बेन मुख्यालय से शरद शुक्ला ,मोहम्मद अहमद, दीपक मिश्रा, केके पांडे आदि साथी उपस्थित रहे।

### भाजपा विधायक की गाड़ी को टक्कर: हादसा या साजिश? नागौर की राजनीति में फिर गरमाया सुरक्षा का मुद्दा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प्रकरण के बाद खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा की कार को संदिग्ध परिस्थितियों में टक्कर, पुलिस जांच में जुटी



**चमकता राजस्थान/मोहम्मद रफीक नागौर।** राजस्थान में भाजपा नेताओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से जुड़े हालिया विवाद के बाद अब खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा की गाड़ी को संदिग्ध परिस्थितियों में टक्कर मारने का मामला सामने आया है। विधायक ने घटना को सुनियोजित साजिश बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जबकि पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही हैजानकारी के अनुसार विधायक डांगा मंगलवार रात जयपुर से नागौर लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे नावां क्षेत्र के गोविंदी टोल प्लाजा के पास एक पुरानी कैंपर गाड़ी उनकी फॉर्च्यूनर के आसपास संदिग्ध रूप से घूमती दिखाई दी। विधायक का आरोप है कि कैंपर चालक लगातार उनकी गाड़ी के आगे-पीछे खतरनाक तरीके से वाहन चलाता रहा और कई किलोमीटर तक पीछा करने के बाद अचानक उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी विधायक ने दावा किया कि घटना के दौरान एक काली स्कॉर्पियो भी कैंपर वाहन के साथ चल रही थी। टक्कर के बाद कैंपर चालक मौके से फरार हो गया, जबकि विधायक और उनके सहयोगियों ने स्कॉर्पियो का पीछा किया। करीब 25 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद खाखड़की गांव के पास वाहन को रोक लिया गया और पुलिस को सूचना दी गई ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई।

### विधान सभा किशनगढ़ वास विधायक दीपचंद खैरिया ने तहनोली में पानी की समस्या का किया निवारण



**चमकता राजस्थान/पत्रकार कश्मीर सिंह।** विधायक दीपचन्द खैरिया के कोटे से पानी की समस्या को देखते हुए एक सिंगल फेस बोरिंग लगाया गया, मिटेगी पानी की किल्लत किशनगढ़बास। विधानसभा के गाँव तहनोली मे पानी की किल्लत को देखते हुए विधायक कोटे से 1 सिंगल फेस बोरिंग लगाया गया।

विधायक खैरिया के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि ग्राम तहनोली में पिछले कई वर्षों से पानी की किल्लत चल रहा थी, जिस पर विधायक को अवगत कराया गया। पानी की किल्लत से त्रस्त ग्राम वासियों के आग्रह पर विधायक दीपचन्द खैरिया के कोटे से एक सिंगल फेस बोरिंग लगाकर जनता की पानी किल्लत को दूर किया। इस मौके पर सभी ग्राम वासियो ने विधायक दीपचन्द खैरिया का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि पूर्व में भी गांव तहनोली में विधायक कोष से सिंगल व थ्री फेस बोरिंग लगवाए जा चुके हैं

## डग रेंज में वन विभाग का ताबड़तोड़ एक्शन:

# अवैध लकड़ी से भरी 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, 20 क्विंटल स्टॉक सीज, वन अधिनियम में केस दर्ज

चमकता राजस्थान

**डग-6 मई (कुन्दन व्यास)** । वन विभाग ने अवैध लकड़ी तस्करों के खिलाफ मुहिम तेज करते हुए पिड़ावा रेंज में एक दिन पहले 5 वाहनों की जब्ती के बाद अब डग रेंज की टीमों ने बड़ी कार्रवाई की है रेंजर नरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में वन विभाग ने अवैध लकड़ी परिवहन करते हुए 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी हैं। साथ ही करीब 15-20 क्विंटल अवैध लकड़ी का स्टॉक भी बरामद किया गया है ।वन विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध लकड़ी भरकर ले जा रहे हैं ।टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहनों को रास्ते में रोका और जांच की ।जांच में लकड़ी के वैध कागजात नहीं मिलने पर सभी 4 ट्रैक्टर-ट्रॉली और लकड़ी के स्टॉक को जब्त कर लिया गया ।जब्त वाहनों और लकड़ी को कार्यालय वनपाल,नाका चौमेला और गंगधार नर्सरी पर सुरक्षित खड़ा करवा दिया गया है रेंजर नरेंद्र चौधरी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ राजस्थान वन अधिनियम की सुसंगत और सख्त धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है ।मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। विभाग अब ये पता लगा रहा है कि लकड़ी कहां से काटी गई और कहां भेजी जा रही थी।

इस छापामार कार्रवाई को रेंजर नरेंद्र चौधरी के नेतृत्व वाली विशेष टीम ने अंजाम दिया। टीम में सहायक वनपाल राजेन्द्र मीणा,सहायक वनपाल कैलाशचंद्र सेन,वनरक्षक योगेंद्र सिंह,विक्रम चौधरी,शंभूलाल वर्मा,बजरंगलाल,भागीरथ सिंह,संदीप शर्मा,सुशील कुमार,सुनीता एवं अन्य वनकर्मी शामिल रहे।



### माफियाओं को बख्शा नहीं जाएगा: नरेन्द्र चौधरी (रेंजर)

» रेंजर नरेंद्र चौधरी ने कहा कि उच्चाधिकारियों के कड़े निर्देश हैं कि छोटे-छोटे गतिशील दल बनाकर अवैध लकड़ी के कारोबार में लिप्त माफियाओं पर लगातार प्रहार किया जाए। डग रेंज के सभी संवेदनशील क्षेत्रों में वनकर्मियों की टीमें एक्टिव कर दी गई हैं। जंगलों को नुकसान पहुंचाने वाले और अवैध परिवहन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा ।यह अभियान आगे भी इसी तरह आक्रामक रूप से जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि पिड़ावा रेंज में भी एक दिन पहले अवैध लकड़ी से भरे 5 वाहन जब्त किए गए थे। लगातार हो रही कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### खारपा कलां ग्रामपंचायत में गंदगी का साम्राज्य

- लाखों रुपए खर्च फिर भी गंदगी में मजबूर ग्राम वासी।



**चमकता राजस्थान/अभिषेक सिंह झाला।** झालावाड़ सुनेल की ग्राम पंचायत खारपा कला में सड़क की जर्जर स्थिति और नालियों की सफाई नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि खराब सड़क और सड़क पर फैली गंदगी के कारण आए दिन बाइक सवार हादसों का शिकार हो रहे हैं, लेकिन ग्राम पंचायत और पीडब्ल्यूडी विभाग इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खारपा कला की मुख्य सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। कई महीनों से नालियों की सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी और कचरा सड़क पर जमा है, जिससे सड़क फिसलन भरी हो गई है। परिणामस्वरूप रोजाना वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सड़क की बदहाली के चलते छोटे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं का आवागमन भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीण दुर्गालाल गुर्जर, ज्ञान सिंह गुर्जर, भंवर सिंह सिसोदिया, मदन सिंह, लाला गुर्जर सहित अनेक लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार ग्राम पंचायत और पीडब्ल्यूडी विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण ग्रामीणों की जान जोखिम में पड़ रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सफाई के नाम पर केवल कागजी कार्रवाई और बिलों का भुगतान किया जाता है, जबकि जमीनी स्तर पर कहीं भी सफाई दिखाई नहीं देती। सड़क पर जमा गंदगी और गंदे पानी के कारण आसपास के घरों में रहने वाले लोगों को बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खारपा कला की जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत करवाई जाए, नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही की जांच कर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जॉइंट्स क्लब ब्लू सिटी सहेली की ओर से पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया

चमकता राजस्थान



**मनीष मेहता जोधपुर।** कार्यक्रम में क्लब की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया।

क्लब की अध्यक्ष नीता जैन ने बताया कि क्लब वर्षभर विभिन्न सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन करता है। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व पर्यावरण दिवस पर यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान सदस्याओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए तथा लोगों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उषा गर्ग, कुसुम जैन, नीता जैन सरोज चौधरी , सुशीला सिंघवी, गीता खेतानी शांति चोपड़ा वीना हरवानी प्रमिला मेहता माला राठौड़ प्रतिभा जैन संतोष सिंघल वीणा सुराणा वीणा भंडारी सुधा कोठारी रीना लोढ़ा मीना सुराणा उषा कोठारी और राई जैन सहित क्लब की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं। सभी ने मिलकर हरियाली बढ़ाने और स्वच्छ पर्यावरण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। ऊषा गर्ग ने कहा आज कई जगह जागरूकता के लिए पर्यावरण जागरूकता के लिए जायंट्स ग्रुप आफ जोधपुर ब्लू सिटी सहेली की तरफ से ऑनलाइन प्रतियोगिता भी रखी गई सभी ग्रीन पहनकर आए जिसने सबसे अच्छा पर्यावरण के लिए सुझाव दिए उसमें कई पुरस्कार दिए गए।

## RTE विद्यार्थियों को अब तक मुफ्त पाठ्यपुस्तकें और यूनिफॉर्म नहीं, अभिभावकों में आक्रोश, धड़केबाज युवा प्रतिष्ठान ने शिक्षा मंत्री से की शिकायत

चमकता राजस्थान



**अरविंद कोठारी/दिवा।** RTE (शिक्षा का अधिकार) अधिनियम के तहत प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा के साथ-साथ पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म और आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इसके बावजूद कई निजी स्कूलों द्वारा इन सुविधाओं का लाभ नहीं दिए जाने का गंभीर आरोप धड़केबाज युवा प्रतिष्ठान महाराष्ट्र राज्य तथा अभिभावकों ने लगाया है।

इस संबंध में मनीषा दाभाडे, सूर्यमाला अडसूळ, मिलन घाणेकर, वैशाली क्षीरसागर, रंजना माने और सरिता गुप्ता ने महाराष्ट्र के स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भुसे से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि दिवा शहर के कुछ निजी स्कूलों ने संगठन बनाकर फ्ळए के तहत विद्यार्थियों को मिलने वाली मुफ्त पाठ्यपुस्तकों, यूनिफॉर्म और शैक्षणिक सामग्री के वितरण का विरोध किया है। इससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है और विद्यार्थियों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है।

विशेष रूप से,ऑक्सफोर्ड स्कूल प्रबंधन द्वारा पिछले तीन वर्षों से RTE विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं। लेकिन अन्य कई स्कूलों द्वारा विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों से वंचित किए जाने की शिकायत अभिभावकों ने की है।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित शिक्षा अधिकारियों के पास बार-बार शिकायतें किए जाने के बावजूद फ्ळए कानून का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।

धड़केबाज युवा प्रतिष्ठान की ओर से शिक्षा मंत्री से मांग की गई है कि दोषी स्कूलों की जांच कर उनके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए तथा सभी पात्र विद्यार्थियों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें, यूनिफॉर्म और आवश्यक शैक्षणिक सामग्री तुरंत उपलब्ध कराई जाए।

ज्ञापन में कहा गया है कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक अधिकार सुरक्षित रहना चाहिए और किसी भी विद्यार्थी को आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए। यही संस्था की प्रमुख मांग और भूमिका है।

## जिला अस्पताल में चला स्वच्छता अभियान, अधिकारियों ने करी व्यवस्थाओं की समीक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दिए निर्देश

चमकता राजस्थान



**मोहम्मद रफीक नागौर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय जिला चिकित्सालय, नागौर में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था तथा मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान अस्पताल परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर भवन की छतों एवं नालों की सफाई करवाई गई, जिससे अस्पताल परिसर को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने पर जोर दिया गया।

अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में फायर फाइटिंग उपकरणों के उपयोग तथा सुरक्षा उपायों के बारे में अवगत कराया गया, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। समीक्षा में पेंशनर्स के आरजीएचएस पर्ची व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने पर भी चर्चा की गई। तकनीकी कारणों से लंबित प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। नई गाइडलाइन के अनुरूप व्यवस्था शुरू होते ही पेंशनर्स को काउंटर से आरजीएचएस पर्चियां उपलब्ध करवाई जाएंगी, जिससे उन्हें राहत मिलेगी। अस्पताल में बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए विद्युत भार बढ़ाने तथा आरएसआरडीसी कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त हुई विद्युत केबल को बदलने की प्रक्रिया को भी गति देने के निर्देश दिए गए। संबंधित औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सार्वजनिक निर्माण विभाग के विद्युत खंड द्वारा आवश्यक कार्य संपादित किए जाएंगे।

साथ ही मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल देते हुए चिकित्सकों एवं स्टाफ को पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने, रिकॉर्ड का सुव्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने तथा अस्पताल की आय और सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

### कार्यालय जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण, ब्यावर

ई-मेल आईडी - cmhobeawar@gmail.com
कमांकः CEAPath/lab/2026/2703
दिनांक 26.05.2026

-: सूचना :-

आमजन को सूचित किया जाता है कि नैदानिक स्थापन के अन्तर्गत पैथलेब / इमेजिंग सेन्टर के स्थाई रजिस्ट्रीकरण हेतु न्यूनतम मानक की अनुपालना के संबंध में विस्तृत सूचना प्राधिकरण की वेबसाईट www.clinicaliestablishments.gov.in पर उपलब्ध है। उक्त पैथलेब / इमेजिंग सेन्टर के द्वारा न्यूनतम मानक की अनुपालना की सूचना गलत प्रेषित की गई है, के संबंध में यदि किसी व्यक्ति द्वारा आपत्ति प्रेषित की जानी है तो उसके द्वारा प्राधिकरण की ई-मेल आईडी-admh-ha-rj@rajasthan.gov.in पर 30 दिवस में मय प्रमाण के सूचित करे।.

**पैथलेब का नाम :-** J.B. DIAGNOSTIC CENTRE NEAR CANARA BANK, MILL ROAD BIJAINAGAR

प्रकार (बुनियादी / मध्यम / उन्नत) BASIC

**(डॉ० संजय गहलोत)**
संयोजक
जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण एवं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ब्यावर

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929